SHRI H. M. PATEL : All manner of steps. I think prosecution comes in at a certain stage. Before that, I may tell you that the number of cases in which there are court orders which prevent any further action being taken against the tax payers, is very large. For instance, I will give you a case here. There is one instance of Shri Raja Baldev Das Birla, Jaipur and of Shri Santosh, Pilani. From 1970-71 to 1974-75 there were demands of Rs. 11-odd lakhs each year. This whole demand has been stayed by the Calcutta High Court. I can go on giving you cases.

MR SPEAKER : Her question is not whether action has not been taken, but in how many cases have you been able to take action: and what action has been taken.

SHRI H. M. PATEL : Action means that you disallow certain items that may be called for; and the amount of tax payable is increased—which they have to pay. The point then is, is it that since it is paid, there is no further action called for? Penaties are also levied, as called for under the rules, For this the whole processis gone through.

AN HON. MEMBER : Why not Tihar jail ?

श्री विजय कुमार मलहोत्रा : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय से मैं यह जानना चाहता हूं कि उन्होंने जो यह बताया है कि कुछ केसेज में तो इन्वेस्टीगेशन हो रहा है, कुछ कोर्ट में पड़े हैं, कुछ कोर्ट ने रोक दिये हैं और ऐसा लगता है कि कोई एक्शन उनके खिलाफ हो ही नहीं रहा है, क्योंकि बिरला के मामले बहुत समय से पड़े हुये हैं, तो क्या वे इस बात पर विचार करेंग कि जो मामले कोर्ट में बिरला के खिलाफ पड़े हुये हैं उनके लिए एक स्पेशल बेंच बनाई जाये ? कोर्ट में 15, 15 साल से मामले उनके खिलाफ पेन्डिग पड़े हुये हैं और मामले इन्वेस्टीगेशन में हैं । क्या मंत्री महोदय की नालिज में यह है कि जो आदमी इन्वेस्टीगट कर रहे थे, उनमें से बहुत से बिरला के यहां जा कर नौकरी करने लग गये हैं और बिरला ने उनको बहुत बड़ी बड़ी पेमेन्ट पर रख लिया है और उन्होंने इन केसेज को खराब किया है ? क्या मेम्बर आफ पार्लियामेंट की कोई ऐसी कमेटी बन सकती है जो इस सारे मामले की जांच करे और यह देखे कि जो इन्वेस्टीगेशन करने वाले लोग हैं, क्या बिरला के प्रेसर में आकर तो कहीं उस पर कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं और कोई गड़बड़ तो नहीं है । इसके लिए आपने क्या किया है ?

करे। उस का यह अधिकार हो जाता है कि वह अपना पूर्ण जीवन जिये और उसको वह सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायं जो जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं, अनिवार्य हैं। यह बात अगर कहीं भी स्वीकार की गई तो हम उसकी भूरिभूरि प्रशंसा करते हैं। महाराष्ट्र की सरकार ने एम्पलायमेंट गारंटी की स्कीम लागू की है और केन्द्रीय सरकार के सामने वह स्वीकृति के लिए है। अभी उस को स्वीकृति नहीं मिली है। मैं मानता हूं कि न केवल उस को ही केन्द्रीय सरकार स्वीकृति देगी बल्कि समूचे देश के लिए इसे स्वीकार किया जाएगा और लागू किया जाएगा। हमारे माननीय प्रधान मंत्री सही माने में इस देश के महान गांधीवादी नेता हैं। सत्य पर उन की अटूट निष्ठा है। यह जो घोषणापत्र तैयार किया गया था इस में उन की भी सहमति है। यह वचन उन्होंने दिया है कि देश की जनता को इसलिए उनसे हमारी यह अपेक्षा है कि वह यह अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे जिससे आगे आने वाली मानव जाति उन्हें हमेशा-हमेशा के लिए याद रखे कि उन्होंने अपने देश के नागरिकों को काम करने का मौलिक अधिकार प्रदान किया, हिन्दुस्तान को उन्होंने यह अमिट वरदान दिया और आगे आने वाली संतति के लिए भी सदा सदा के लिए यह वरदान दिया। कभी कभी वह यहां कह दिया करते हैं कि यह अनएम्प्लायमेंट एलावेंस नहीं दिया जा सकता है क्योंकि यह डोल है, यह भिक्षा है, दान है। किन्तु यह भिक्षा नहीं है। यह अधिकार है। काम प्राप्त करने का हिन्दुस्तान के प्रत्येक नागरिक को अधिकार है। वे भीख नहीं मांग रहे हैं, यह हम अपना अधिकार मांग रहे हैं। इस देश में हम पैदा हुए और आप से चाहते हैं कि आप इस अधिकार को स्वीकार करें और मान्यता प्रदान करें क्योंकि आप ने वचन दिया है और आपके वचन पर अगर हिन्दुस्तान का नागरिक विश्वास नहीं करेगा तो फिर कौन सा ऐसा व्यक्ति इस देश के अन्दर है जिस के वचन पर विश्वास किया जायगा? इसलिए इस बात को नहीं कहना चाहिए कि यह डोल है, यह दान है, यह भिक्षा है। यह भिक्षा नहीं है। यह हमारा अधिकार है और हमें प्राप्त होना चाहिये। यहां के हर नागरिक को हर नवयुवक को यह मिलना चाहिए। इस से उस को वंचित नहीं किया जाना चाहिए। अगर आप वंचित रखना चाहेंगे तो इस देश की जनता अब यह जान गई है कि वह अपना अधिकार कैसे ले सकती है। अगर उसने अपनी लोकतांत्रिक आजादी का अधिकार ले लिया है तो वह काम और जीविका का अधिकार भी ले लेगी। श्रीमती इंदिरा गांधी जो कहा करती थीं कि 26 जून 1975 के पूर्व की स्थिति अब इस देश में कभी नहीं आएगी, वह समझती थी कि इस देश की नियति का निर्णय करने का अधिकार के वल उन को है, लेकिन देश की जनता ने बता दिया कि 26 जून, 1975 के पूर्व की स्थिति आएगी तुम चाहो या न चाहो, तुम्हारी कुछ भी स्थिति नहीं है। देश की जनता ने यह बता दिया. कि 26 जून 1975 के पहले की स्थिति हम लौटा कर ही रहेंगे और वह कर के दिखा दिया। अगर हम यह कहेंगे कि यह अधिकार हम तुम्हें नहीं प्रदान करेंगे तो जिस तरह से उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी से वह अधिकार ले लिया और उन को इतिहास के गर्त में ढकेल दिया, उसी तरह इतिहास के गर्त में हमारा भी कहीं पता नहीं रहेगा अगर हम ने अपने वचनों को पूरा नहीं किया।

आज देश के नवयुवकों को बहुत बड़ा आघात लगा है। उनके सामने एक बहुत बड़ी बाधा है भविष्य की अनिश्चितता की। उनकी इस भविष्य की अनिश्चितता को मिटाना, उनके भविष्य में प्रकाश लाना-यह हमारी सरकार का दायित्व है, सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य का यह दायित्व आज से ही नहीं है, प्राचीन काल में भी माना गया था कि राज्य का दायित्व है कि जो लोग उस राज्य में बसते हैं, उनको आघात से बचाये,

डी० डी० टी० का छिड़काव किया गया है । 1978–79 के लिये बिहार के सम्पूर्ण राज्य के लिए एक व्यापक नियंत्रण कार्यक्रम तैयार किया गया है । इस नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत डी० डी० टी० का छिड़काव (रोग से प्रभावित क्षेत्रों में दो बार), रोगियों का पता लगाना तथा उनका उपचार करना, कार्मिकों को प्रशिक्षण देना तथा अनुसन्धान कार्यक्रम चलाना, शामिल हैं। वर्ष 1978–79 के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा सहायता के रूप में 134.85 लाख रुपए का कुल परिव्यय रखा गया है । इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार रोगियों के उपचार के लिए औषधियां देगी ।

2. बिहार को छोड़कर अन्य राज्यों में काला-अजार सम्बन्धी सेवायें प्रदान करने के लिए केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम निदेशालय में एक केन्द्रीय सर्वेक्षण दल बनाया है।

3. रोग से प्रभावित लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए बिहार सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एंटीमनी औषधियां प्रदान की हैं।

4. जिन रोगियों पर एंटीमनी औषधियों का असर नहीं होता है उन्हें पेन्टामिडाइन तथा लोमिडिन औषधियां देने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ये औषधियां खरीद की हैं और बिहार तथा अन्य राज्यों को दे दी हैं ।

5. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने स्वयं मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, सीतामड़ी तथा सहर्सा जिलों के काला-अजार से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है तथा इस कार्यक्रम का निरीक्षण किया है ।

6. बिहार में क्षेत्रीय कार्यकलापों का निरीक्षण करने के लिए राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान के केन्द्रीय दलों ने कई बार दौरे किये हैं ।

7. काला-अजार के निदान तथा नियंत्रण के बारे में चिकित्सा तथा परा-चिकित्सा कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का कार्य प्रारम्भ किया गया है ।

8. इस रोग को फिर से फैलने से रोकने के उपाय सुझाने के लिए अनुसन्धान कार्य किया जा रहा है ।

श्री राम विलास पासवान : मैंने इस मामले को बहुत पहले उठाया था । उस समय उठाया था जब किसी का इस ओर ध्यान नहीं गया था । मैंने रूल 377 के तहत इस मामले को उठाया था । 9 जुलाई की यह बात है । उस समय सरकार की ओर से कहा गया था कि काला अजार से सिर्फ सात आदमियों की मौतें हुई हैं । मैंने सरकार को उस समय चेलेंज किया था कि सात आदिमियों की नहीं अकेले वैशाली जिले में दो हजार लोग मरे हैं । इसी हाउस में मैंने कहा था इस चीज को । मैंने यह भी कहा था कि यदि सरकारकी रिपोर्ट सही होगी तो मैं इस सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा । यह मैंने चैलेंज देकर कहा था उस समय । अफसोस की बात है कि कितनी गड़बड़ रिपोर्ट दी जाती है । मंत्री महोदय यहां बैठे हुये हैं । जो उनको लिख कर दे दिया जात है वही पढ़ देते हैं । श्री यादव ने एक प्रेस कान्फ्रेंस की थी जिसमें उन्होंने स्वयं बताया था कि बिहार के चार जिलों में काला-अजार से चार हजार लोग मारेमें हैं । यह 25 सितम्बर की प्रेस कांफ्रेंस उन्होंने कहा था और 27 सितम्बर के हिन्दुस्तान में यह छपा था ।

दिल्ली के राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान द्वारा गत अगस्त के दौरान विहार के वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर तथा सीतामढ़ी जिलों का सर्वेक्षण करने के बाद बताया गया था कि साठ सत्तर हजार व्यक्ति काला अजार से पीड़ित हैं तथा आठ हजार व्यक्तियों की मत्यु हो चुकी है। यह बात स्वास्थ्य विभाग के सबसे बड़े संस्थान ने कही है । 1 सितम्बर के पेपर में आया है कि बिहार की स्वास्थ्य सेवा निदेशक, श्रीमती डा० स० ट्रिकी, ने हाजीपुर में निरीक्षण करके कहा कि अकेले वैशाली जिले में 800 गांव काला-अजार की चपेट में हैं। मैंने यह मांग की थी कि काला अज़ार की रोक-थामके लिए डब्ल्यू० एच० ओ० के लोगों को बुलवाया जाये । एक सेंट्रल कमेटी जांच करने के लिए वहां विहार में गई थी । बाद में डब्ल्यू० एच० ओ० के लोग भी वहां गये थे । उन लोगों ने वहां पर जा कर जांच और सर्वेक्षण किया ।

अध्यक्ष महोदय, इस सदन के मलिक आप हैं, आप हम लोगों को गाइड कीजिये कि हम कैसे काम करें । मैं लगातार कहता आ रहा हूं कि काला अजार से दो हजार से ज्यादा आदमी मरे हैं और सरकार का जवाब बार-बार आता है—अभी भी उसने यही कहा है—कि 270 लोग मरे हैं । मैं यह जानना चाहता हूं कि यह सरकारी रिपोर्ट सत्य है कि 270 आदमी मरे हैं या सरकार के आफिशल्ज, और खुद मंत्री महोदय, ने एन्क्वायरी करने के बाद जो यह कहा कि 4,000 लोगों की मृत्यु हुई है, वह सत्य है ।

मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकार काला-अजार की रोक-थाम के लिए क्या कार्यवाही कर रही है । दिल्ली के अखबारों में आया है कि यहां पर मलेरिया पहले से छः गुना बढ़ रहा है । मैं बताना चाहता हूं कि मलेरिया का डेवलप रूप काला अजार है । यदि सरकार मलेरिया को नहीं रोक सकेगी, तो वह काला-अजार को भी नहीं रोक सकेगी । मलेरिया के केसों में छः गुना वृद्धि हो गई है और 29 अप्रैल के समाचारपत्रों में आ रहा है कि उत्तर विहार में काला-अजार का पुनः प्रकोप हो गया है और दस हजार आदमी उससे बीमार हैं । इसलिए सरकार को इस बीमारी की रोक-थाम के लिए युद्ध-स्तर पर काम करना चाहिये ।

बिहार में पेंटामाइडीन इन्जेक्शन और इस बीमारी की रोक-थाम की दूसरी दवायें सड़ गल रही है । मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि वास्तव में कितने लोग काला-अजार से मरे हैं, और काला-अजार तथा मलेरिया की रोक-थाम के लिए सरकार के द्वारा अभी तक क्या कदम उठाये गये हैं और वह आगे क्या कदम उठाने जा रही है ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : माननीय सदस्य ने बहुत से सवाल एक साथ उठा दिए हैं । एक बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां जहां काला-अजार का प्रकोप हुआ है, वहां मैं गया हूं और बाद में मैं सहरसा में भी गया हूं । हमने अपने विभाग के अधिकारियों को भी वहां भजा था ।

मैं यह भी सूचना देना चाहता हूं कि हमने माननीय सदस्य से यह आग्रह किया था कि हमारे लोग वहां जा रहे हैं, इसलिए जिस जिस एरिया में यह बीमारी फैलने की उन्हें जानकारी हो, वह बता दें । लेकिन उन अधिकारियों को सहयोग देने में वह असमर्थ रहे । अगर वह यह जानकारी दे देते, तो अधिक अच्छा होता और इस काम को करने में आसानी होती ।

जहां तक जानकारी रखने की बात है, मेरे पास बिहार के एक एक हिस्से की जानकारी है और उसका सर्वेक्षण किया गया है । इस नक्शे में जहां लाल रंग है, वह वैडली एफेक्टिड है, जहां हरा रंग है, वह उससे कम एफेक्टिड है और जहां पीला रंग है, वहां यह बीमारी स्कैटी है। वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सीतामढ़ी के अतिरिक्त सहरसा इस बीमारी से प्रभावित हैं ।

MR. SPEAKER: Anyway, that is not the proper way.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : इन पोस्टरों से पता चलता है कि कैसे इस बारे में प्रचार किया जाता है और कैसे इस को रोका जा सकता है। इस के लिए भी प्रयास किया गया है । जहां तक हो सकता है, इसकी रोक-थाम की दवाओं को सब लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है ।

दूसरी बात—इन्होंने मलेरिया और कालाजार को मिलाने का प्रयास किया है । मलेरिया का कीड़ा दूसरा होता है । कालाजार का सैंट फ्लाइ होता है, यह उड़ता भी नहीं है । वह उड़ता है । प्रिवेंटिव मेजर का जहां तक सवाल है दोनों में डी०डी०टी० काम आता है और डी०डी०टी० की जितनी आवश्यकता है उसको हमने पूरा करने की कोशिश की है। एक छिड़काव कौन कहे, दो दो छिड़काव के लिए हमने साधन दे दिये है । जितनी दवाइयों की आवश्यकता है उतनी दवाइयां वहां उपलब्ध करा दीं हैं । तो जो भी व्यवस्था हो सकती है चाहे हमने खुद जा कर के चाह अधिकारियों को भेज करके कर दी है और बिहार सरकार को भी इन्लाइटेन कर दिया है । तो बिहार सरकार भी उसके लिए तैयार है । मैं समझता हू कि मैंने पूरी सूचना इस विवरण पत्र में दे दी है । अगर आप कहें तो मैं फिर पढ़ दूं — 134.86 लाख रुपये उसमें खर्च करने की स्कीम हमने बना दी है 1978–79 के लिए, उस में छिड़काव, पम्प और दवा वगैरह सब के लिए व्यवस्था कर दी है । दो तीन जिलों में तो छिड़काव प्रारंभ हो गया । दो तीन जिलों में और शुरू है और जिलों में भी दो चार दस रोज में छिड़काव का काम प्रारम्भ हो जायगा । तो यह जो कहा जा रहा है कि हुमने पूरी तैयारी नहीं की, यह बात नहीं है । हमने पुरी तैयारी की है और यह हमने उस समय भी वैशाली और मुजफ्फरपुर में जाकर कहा है ।

एक माननीय सदस्य : आदमी कितने मरे हैं ?

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : आदमी की मौत का निश्चित डाटा देना बहुत कठिन है । इसी एन्क्वायरी के लिए हमने अपने अधिकारियों को वहां भेजा । आज माननीय सदस्य यहां कह रहे हैं लेकिन मैंने अधिकारी भेजा माननीय सदस्य को साथ देकर के और उनसे कहा कि जहां जहां उन्होंने हजारों के मरने की बात देखी है उस गांव के बारे में हमको बता दें ताकि हम और लेखा जोखा ले सकें, लेकिन वहां पर हमारे माननीय सदस्य नहीं उपस्थित हो सके । तो हमको जो सरकारी आंकड़े मिले हैं, जो खोज खबर से सूचना है वह 229 की 1977 की है और 6 इधर की मिली है। इसीलिए हमारे पास आंकड़े गिनती के हिसाब से जो आ सके हैं वह आए हैं। और भी कुछ मरे हों तो वह हम वहीं कह सकते लेकिन वह आंकड़े उपलब्ध भी नहीं हो पा रहे हैं उपलब्ध करने के लिए हम अपने अधिकारी को भेजते है, अगर माननीय सदस्य अभी उसमे जानकारी देने की कोशिश करेंगे तो हम उस जानकारी को हमेशा लेने को तैयार रहेंगें ।

श्री राम विलास पासवान : अध्यक्ष महोदय, मेरा पहला प्रश्न था, उसका जवाब नहीं आया । मैं मंत्री महोदय की सराहना करता हूं कि उन्होंने युद्ध स्तर पर काम किया ।

लकिन मैं इतना ही पूछना चाहता था कि मंत्री महोदय का वह जवाब सही था कि 4 हजार लोग मरे हैं या सरकारी रिपोर्ट में जो उन्होंने कहा है कि 270 लोग मरे हैं वह सही है ?

MR. SPEAKER: He has said that it was only a rough estimate. After enquiries, he has satisfied himself about correct facts. It may be right or it may be wrong, I am not concerned about it. Please asked the second supplementary.

श्री राम विलास पासवान : मेरा दूसरा प्रश्न है । यह स्थिति इतनी भयंकर है कि चार हजार लोग मरे हैं, मंत्री महोदय भी इसको कबूल करते हैं लेकिन सरकार चलाने का अपना हथियार है और मंत्री महोदय बहुत बारीक तरीके से निकल रहे है । मैं दूसरा प्रश्न यह पूछना चाहता हूं, मैंने पहले भी पूछा था कि क्या इन चार जिलों में भी कालाजार है या बिहार से बाहर हरयाना, उत्तर प्रदेश इन दूसरे सूबों में भी आने लगा है और यदि आने लगा है तो सरकार कालाजार को युद्धस्तर पर रोकने के लिए भविष्य में क्या कार्यवाही करेगी ?

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : जहां तक 1978 का सवाल है 1978 में दूसरे और किसी राज्य से सूचना नहीं मिली है कि वहां कालाजार हो रहा है । 1977 में कुछ केसेज की खबर मिली थी जैसे बंगाल, मेघालय और एकाध और जगह से यह खबर मिली थी और वह भी कम्यूनिकेबल डिजीज के कारण, जैसे दो बीमार विलिंगडन में आए थे तो वह भी दोनों बीमार बिहार के थे, लौट करके चले गए । इसी तरह बंगाल में भी जो कुछ बीमार हुए थे, वह भी कम्यूनिकेबल डिजीज होने के कारण 1977 में वहां गए थे । मेघालय से जो सात केसेज की रिपोर्ट आई थी वह भी पहले के ही थे और वह बीमार चल रहे थे । दूसरे किसी प्रदेश से 1978 में हमें कोई रिपोर्ट नहीं मिली बिहार को छोड़ कर और बिहार में भी जो भयंकर स्थिति की बात है तो हम ने सारे 31 ज़िलों को जो एग्ज़ामिन कर के देखा तो जिस जिले में काफी है उस में तो हमने दो बार छिड़काव की पूरी व्यवस्था कर दी है । जिसमें थोड़ा भी है उस को भी हमने छिड़काव के लिए लिया है और सारे बिहार के लिए जो मलेरिया के लिए प्रिवेंटिव मेजर्स ले रहे हैं डी डी टी स्प्रे का, प्रिवेंटिव मेजर्स मलेरिया और कालाजार दोनों के लिए एक ही है । इसलिए सम्पूर्ण बिहार उसमें कवर्ड है । इस तरह से सम्पूर्ण बिहार में हम वार फुटिंग पर कहिए या जिस फुटिंग पर भी चाहिए, हम इस काम को कर रहे है ।

श्री विनायक प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, विगत वर्ष सहरसा जिले के खानबरसा ब्लाक में कालाजार से पांच सौ आदमियों की मृत्यु हुई थी जिसके सम्बन्ध में मैंने यहां पर नियम 377 के अन्तर्गत उल्लेख किया था । मंत्री महोदय भी उस ब्लाक में घुमने गये थे और उन्होंने स्वयं भी देखा परन्तु उनके आने के बाद वहां कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है । इसका नतीजा यह हुआ है कि सहरसा जिले के जो अन्य ब्लाक हैं वहां भी कालाजार भयंकर रूप से शुरू हो गया है और सैकड़ों आदमी मरे हैं । मैं आपके जरिये माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं, मंत्री जी खुद वहां देखकर आए हैं, उनके साथ अफसर भी गए थे लेकिन उनके आने के बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उसका क्या कारण है ?

दूसरी बात यह है कि डी डी टी के बारे में आजकल यह कहना है कि जहां भी उसका छिड़काव होता है वहां उससे मच्छर नहीं मरते हैं । हम लोग अपने घर में ही डी डी टी छिड़कते है लेकिन एक भी मच्छर नहीं मरता है । पता नहीं डी डी टी मरी हुई है या क्या बात हैं । क्या मंत्री जी इसकी जांच करेंगे ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : जहां तक सहरसा का सवाल है, 1977 में वहां पर 455 केसेज हुए थे और 1977 तथा 1978 को मिलाकर 1464 केसेज हुए हैं और तीन मौतों की खबर है ।

जहां तक डी डी टी के छिड़काव का सवाल है, मलेरिया के जो कीटाणु हैं उनमें कहीं कहीं पर डी डी टी के प्रति रेजिस्टेंस है इसलिए वहां पर दूसरी चीज जैसे वी एच सी या मैलाथियान का प्रयोग किया जाता है । लेकिन कालाजार के सिलसिले में कहीं से यह रिपोर्ट नहीं आई है कि डी डी टी के छिड़कने से सैंड फ्लाई नहीं मरती है । इसलिए इस के सम्बन्ध में यह प्रश्न नहीं उठता । परन्तु जहां तक छिड़काव की बात है हम अभी भी उसमें लगे हुए हैं । चार जिले जो हैं, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सहरसा में दो बार छिड़काव करने का प्रबन्ध कर दिया गया है ।

श्री विनायक प्रसाद यादव : छिड़काव नहीं किया गया है, छिड़काव होता भी है तो मच्छर मरते नहीं हैं ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : उसका समय आ गया है, छिड़काव प्रारम्भ हो जायेगा अगर अभी तक नहीं हुआ है ।

श्री मृत्युंजय प्रसाद : मैं मंत्री जी का ध्यान इस पहलू की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा कि मैं खुद भी कालाजार का मरीज रह चुका हूं लेकिन उस जमाने में जबकि यह दवायें नहीं थीं, जब यह समझा जाता था कि इस मर्ज के शत प्रतिशत रोगी मर जाते हैं—सन् 1920 में—लेकिन उस समय जो ब्रह्मचारी की दवा थी, मैं नाम भूल रहा हूं,—हां याद आया टारटार एमेटिक (Tarter-Emetic) उसकी वजह से किसी तरह से बच गया और आज आपसे बातें कर रहा हूं ।

MR. SPEAKER : Are you suggesting that without medicine it is better?

श्री मृत्युंजय प्रसाद : उसका असर यह हुआ कि कालाजार तो चला गया परन्तु वह रोग अपना असर मेरे स्वास्थ्य पर छोड़ गया । आज वे दवायें तो छोड़ दी गईं लेकिन नयी नयी दवायें निकली हैं जिनका आफटर इफेक्ट, बाद का असर कुछ भला नहीं रहा है, वैसा ही रहा है । इसलिए कालाजार की रोकथाम के लिए आप सैंट फ्लाई मारें, मच्छर मारें परन्तु इस रोग के बाद आदमी अधमरा होकर न रह जाये उसके लिए आप क्या व्यवस्था करना चाहते हैं ?

MR. SPEAKER: It is a suggestion for consideration.

श्री युवराज : अध्यक्ष महोदय, कालाजार का प्रकोप न केवल बिहार में बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु तक बढ़ा है । मैं जानना चाहता हूं कि कालाजार की चिकित्सा के लिए हेल्थ विभाग ने प्लानिंग कमीशन से 2 करोड़ 11 लाख रुपए की मांग की थी उसे प्लानिंग कमीशन ने यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि चिकित्सा राज्य का मामला है—क्या यह बात सही है ? क्या पैसे के अभाव में ही जहां जहां कालाजार का प्रकोप बढ़ा है वहां वहां समुचित रूप से न चिकित्सा हो रही है और न ही उसका ठीक से सर्वेक्षण कराया गया है ? सरकार को यह भी पता नहीं है कि पूरे देश भर में कालाजार से कितने लोग मरे हैं । इस लिये मैं जानना चाहता हूं—क्या यह बात सही है कि प्लानिंग कमीशन से इस के लिये रुपये की मांग की गई थी, लेकिन प्लानिंग कमीशन ने यह कह कर उस मांग को ठुकरा दिया कि यह मामला राज्य सरकार का है, केन्द्र का नहीं है ?

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : श्रीमन्, माननीय सदस्य ने पुरानी बात को उठाया है । यह जनता सरकार के समय की बात नहीं है । जनता सरकार के आने के पहले इस तरह की मांग की गई थी, लेकिन प्लानिंग कमीशन ने यह सोच कर कि स्वास्थ्य का

विषय राज्य सरकारों का है, किसी एक बीमारी का इलाज किया जाना है तो वह राज्य सरकारें करें—उन्होंने उस समय उस मांग को स्वीकार नहीं किया था । बाद में इस बीमारी का प्रकोप बढ़ा और गत वर्ष जैसे ही हमें इस बीमारी का पता लगा, हमने प्लानिंग कमीशन को एप्रोच किया और उन को बताया कि इस को स्वास्थ्य के विषय में नहीं लिया जाना चाहिये, बल्कि इस बीमारी ने महामारी का रूप धारण कर लिया है, इस लिये पैसा दिया जाये तो उन्होंने स्वीकार कर लिया । मैं माननीय सदस्यों को बतलाना चाहता हूं—मलेरिया फंड से 134.86 लाख रुपये की पूरी योजना बना कर हम बिहार में उस कार्यक्रम को लागू कर रहे हैं और पैसे के अभाव में या दवा के अभाव में किसी को मरने नहीं देंगे —यह निश्चित बात है ।

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

New All-Cargo Flights from New Delhi to London by Air India and British Airways

*987 SHRI K. MALLANNA : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some new all-cargo flights from New Delhi to London have been decided by the Air India and British Airways ;

(b) whether some new destinations have also been brought on its services through India, Tokyo and Kuala Lumpur in the East and Baghdad in the West ; and

(c) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI PURUSHOTTAM KAUSHIK): (a) No, Sir.

(b) Yes, Sir. With effect from April 1978, British Airways have introduced some scheduled services through India, which touch Tokyo and Kuala Lumpur in the East, and Baghdad in the West, but these are not all cargo, but passenger-cum-cargo services.

(c)

S. No.	Flight No.	Routing	Type of Aircraft	Day of operation
1.	BA 003	London/Frankfurt/Delhi/Kuala Lumpur/Hongkong.	B—747	Saturday
2.	BA 021	London/Doha/Delhi/Hong Kong/ Tokyo.	VC 10	Tuesday
3.	BA 022	Tokyo/Hong Kong/Delhi/Doha/ London.	VC 10	Monday
4.	BA 221	London/Beirut/Baghdad/Delhi	VC 10	Wednesday & Sunday
5.	BA 220	Delhi/Baghdad/Beirut/London	VC 10	Monday & Thursday

Special Compensatory Allowance to Central Government Employees at Gandhi Nagar, Gujarat.

*989. PROF P. G. MAVALANKAR: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Central Government employees at Gandhinagar, Capital of Gujarat have been getting special compensatory allowances ;

(b) if so, since when and how much and on what basis and calculation ;

(c) whether the said Central Government employees are still continuing to receive such a capital allowance;

(d) if so, how many employees get how much; and

(e) if not, why not?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI H. M. PATEL) : (a) to (e). Central Government employees working in Gandhinagar were granted Compensatory Allowance at the rate of 12½ per cent of pay subject to a maximum of Rs. 100 per month with effect from 1-6-1969 keeping in view the difficult living conditions in the initial stages of development of the new Capital of Gujarat. Consequent upon upward revision of pay scales of Central Government employees on the recommendations of the Third Pay Commission, the rate of the allowance was reduced to 10 percent of pay, subject to a maximum of Rs 100 p. m. with effect from 1-4-74. The allowance at the above rate has been granted to all Central Government employees at Gandhinager upto 31st March, 1978. The question whether it should be extended beyond the above date or not is under consideration.

Committee on National Policy on Tourism

*992. SHRI K. PRADHANI : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether Government have since constituted a committee to evolve a national policy on tourism ; and

(b) if not, what are the reasons for the delay ?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI PURUSHOTTAM KAUSHIK) : (a) No, Sir.

(b) The Govt. has now revised its earlier decision and a formal Committee for National Policy on Tourism is not being set up. However, a National Tourism Policy statement will be made soon.

नवरंगपुर देवास में हवाई पट्टी का निर्माण

*995. **श्री केशवराव धोंडगे :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र में नांदेड़ जिले में कन्धार तालुक के स्थान पर नवरंगपुर के पास में हवाई पट्टी का निर्माण करने के लिए केन्द्रीय सरकार और महाराष्ट्र राज्य सरकार से कोई अनुरोध किया गया है ;

(ख) सरकार ने उस पर क्या निर्णय किया है ;

(ग) क्या इस मांग को स्वीकार कर लिया गया है ; और

(घ) यदि नहीं, तो उस के क्या कारण हैं ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक): (क) जी हां ।

(ख) से (घ). प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जा सका क्योंकि किसी भी अनुसूचित या गैर-अनुसूचित एयर-लाइनों ने यातायात की कम संभावनाओं के कारण नवरंगपुर देवास या कंधार के लिए विमान सेवाएं परिचालित करने में रुचि नहीं दिखाई ।

श्री राम रेयन्स कोटा (राजस्थान) द्वारा आयात-लाइसेंसों का कथित दुरुपयोग

*995. **श्री चन्द्रशेखर सिंह :** क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मंत्री श्री राम रेयन्स, कोटा (राजस्थान) द्वारा आयात लाइसेंसों के कथित दुरुपयोग के बारे में 23 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित

प्रश्न संख्या 4972 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स श्रीराम रेयन्स, कोटा (राजस्थान) के विरुद्ध जांच अभी तक चल रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस फर्म के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है और क्या इस मामले सम्बन्धी पत्र सभा पटल पर रखे जायेंगे ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ बेग) : (क) से (ग). इस मामले की अभी जांच चल रही है ।

Study of Impact of Demonetisation of High Denomination Notes

*997. SHRI HARI VISHNU KAMATH : Will the Minister of FINANCE be pleased be refer to the answer to Unstarred Question No. 598 regarding impact of demonetisation of high denomination currency notes on 24th February, 1978 and state:

(a) whether the study of the impact of demonetisation of high denomination notes has been completed;

(b) if so, whether a detailed statement regarding the impact and effects of the measure will be laid on the Table ;

(c) whether the measure has fully served the purpose which Government had in view ; and

(d) if not, what the precise position is ?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI H. M. PATEL) : (a) to (d) . The impact of the measure in all its aspects is still being studied.

So far as the Income-tax Department is concerned enquiries as necessary, are being made, into the sources of the high denomination notes tendered for exchange.

As per information presently available, survey under section 133A and examination under section 131 of the Income-tax Act, 1961 have been conducted in respect of 12,883 declarations. Search and seizure operations have also been conducted under section 132 wherever warranted. Evidence gathered indicates substantial evasion of tax in a number of cases.

Representation from Kerala for withdrawal of excise duty on Electricity

*998. SHRI K. A. RAJAN :
SHRI N. SREKANTAN NAIR :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether a representation was made to the Minister by an All-Party delegation from Kerala requesting him to withdraw the excise duty on electricity ; and

(b) if so, the details and Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGRAWAL) : (a) Yes, Sir.

(b) In support of the withdrawal of the duty it was urged by the representationists that the main attraction of the State for industries is cheap power : imposition of the duty takes this facility away. The State Electricity Board is operating at a loss; with the new imposition, the Board cannot consider any increase in its Tariff to raise resources for itself.

The comparative advantage of cheaper power available in the State will continue to remain, so, as the levy on electricity is uniform throughout India. It cannot be said that the imposition of the duty by itself will preclude the Electricity Board from increasing its Tariff.

The levy on electricity being of all-India coverage, could not be withdrawn for the reasons given by the representationists.

Representation for withdrawal of Central Excise on Branded Beedies

*999. SHRI C. K. CHANDRAPPAN : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the Central Excise duty of Rs. 0·50 per 1000 branded beedies introduced in March, 1975 has resulted in decreased market for branded beedies because of spurious beedies in the market.

(b) if so, whether the Government has received any representation requesting

to withdraw this duty on branded beedies; and

(c) if so, the details and Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGRAWAL) : (a) in pursuance of the recommendations of the Tobacco Excise Tariff Committee, in the 1975 Budget, central excise duty at the rate of rupee one per 1000 was imposed on hand-made branded bidis. No duty was imposed on non-branded bidis. In the 1977 Budget, this rate was raised to Rs. 2 per 1000. Exemption to non-branded bidis, however, continued. Some reports have been received that, as a result of exemption to non-branded bidis, there appears to be a shift in business from branded to non-branded bidis.

(b) Yes, Sir.

(c) It has not been possible to accede to the request to withdraw the duty on branded beedies.

खाद्य तेलों के आयात के लिये लाइसेंस जारी करने के बारे में गोयल समिति का प्रतिवेदन

*1000. **श्री धर्म सिंह भाई पटेल** : क्या **वाणिज्य, नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोयल समिति ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि बम्बई तथा जामनगर की एक प्रसिद्ध कम्पनी मैसर्स जमनादास माधवजी एंड कम्पनी ने विभिन्न नामों में खाद्य तेलों के आयात के लाइसेंस प्राप्त किये थे;

(ख) क्या तन्ना एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, इंटरनेशनल एक्सपोर्टर एंड एस्टेट एजेंसी तन्ना ट्रेडिंग कारपोरेशन दीपक एंटर-प्राइजिज, जमनादास माधवजी एंड कम्पनी, जमनादास एण्ड संस, उषा ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेडिंग कम्पनी, और तन्ना एंड सन्स, जामनगर, नामक ये सभी कम्पनियां उपरोक्त कम्पनी की सहायक कम्पनियां हैं और एक ही लैटर पैड का प्रयोग करती है जिस पर II–ए नत्थालाल पारिख मार्ग, बम्बई, उनके पते के रूप में छपा हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो मैसर्स जमनादास माधवजी एंड कम्पनी ने उपरोक्त (ख) भाग में उल्लिखित कम्पनियों ने नाम में कितने मूल्य तथा कितनी मात्रा के खाद्य तेलों आदि के आयात के लाइसेंस ले रखे हैं और इस मामले में कब और किस प्रकार की जांच की गई थी और की गई अनियमितताओं के लिए क्या कार्यवाही की गई अथवा क्या तथा कोई तक कार्यवाही करने का विचार है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ बेग) : (क) और (ख). शायद माननीय सदस्य का अभिप्राय भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की रिपोर्ट से है । रिपोर्ट में माननीय सदस्य द्वारा निर्दिष्ट फर्मों के समूहों का उल्लेख बड़े आकार के अन्तः सम्बन्धित लाइसेंस-धारियों के दृष्टांत के रूप में किया गया है ।

(ग) इन फर्मों को जारी किये गये लाइसेंसों का ब्योरा दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । अब तक की गई जांच पड़ताल से इन पार्टियों के विरुद्ध कोई बात सामने नहीं आई है ।

विवरण

क्रमांक	फर्मों के नाम	जितनी मात्रा का लाइसेंस जारी किया गया	जारी किये गये लाइसेंसों का मूल्य
1.	मैसर्स जमनादास माधवजी एंड कंपनी, बम्बई	19,100 मे० टन	9,19,39,916 रु०
2.	मैसर्स तन्ना एक्सपोर्टस प्रा० लि०, बम्बई	3,276 मे० टन	1,91,83,159 रु०
3.	मैसर्स इंटरनेशनल एक्सपोर्ट्स एंड एस्टेट एजेन्सी, बम्बई	3,492 मे० टन	2,83,48,785 रु०
4.	मैसर्स तन्ना ट्रेडिंग कार्पोरेशन, बम्बई	8,959 मे० टन	6,16,64,694 रु०
5.	मैसर्स दीपक इन्टरप्राइजिज, बम्बई	5,685 मे० टन	3,73,37,352 रु०
6.	मैसस जमनादास एंड सन्स, बम्बई	5,220 मे० टन	3,47,48,812 रु०
7.	मैसर्स ऊषा ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेडिंग कं०, बम्बई	4,052 मे० टन	2,65,11,777 रु०
8.	मैसर्स तन्ना एंड सन्स, जामनगर	—	49,00,000 रु०
9.	मैसर्स जमनादास माधवजी एंड कंपनी, जामनगर	—	7,26,97,500 रु०

Manufacture of Carbon Dioxide without Licence by Mohan Meakin Breweries

*1001. SHRI C. R. MAHATA :
SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is a faet that Mohan Meakin Breweries, Mohan Nagar, Ghaziabad, had been manufacturing carbon dioxide gas without a licence as required under the Central Excise Act, 1944 and using in the manufacture of beer since November, 1972; and

(b) if so, what are the details in this regard and the action taken/proposed so far by the Government ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGRAWAL) : (a) and (b). In an order of adjudication dated 4-4-1978 under the Central Excises and Salt Act, the Collector of Central Excise, Kanpur, has held the following contraventions of Central Excise Law by Mohan Meakin Breweries Ltd., Mohan Nagar, Ghaziabad to be established:—

(a) That between 1-11-1972 and 12-7-1976, they had manufactured and removed over 19 lakh kilograms of carbon dioxide gas, which was liable to Central Excise duty and for the manufactue of which a Central Excise licence was required, without having paid duty or applied for a Central Excise licence ;

(b) That between 13-7-1976 and 20-6-1977, they had further manufactured over 6 lakh kilograms of carbon dioxide gas after applying for a Central Excise licence but without accounting for this production in the statutory accounts and without payment of duty ;

(c) That between 21-6-1977 and 27-10-1977 they had manufactured a further quantity of over 2 lakh kilograms of carbon dioxide gas. Although they had obtained a licence for its manufacture, they accounted for, and paid duty on, a quantity of less than 4000 kilograms. The Collector computed the Central Excise duty on the gas removed without payment of duty during the period under

consideration at Rs. 27,79,799·87 (Rupees twenty seven lakhs seventy nine thousand seven hundred and Ninetynine and paise eighty seven only) and demanded this duty from the company. He further held that the Company had acted deliberately in defiance of the law for long years, contravening the provisions of the Central Excise Rules and defrauding the Government of huge amounts of revenue. He therefore imposed on the Company a penalty of Rupees One Crore under Rule 173Q of the Central Excise Rules, 1954. He also, under the same rule, ordered confiscation of the land, buildings, plant and machinery used in the manufacture, storage etc. of the carbon dioxide gas, with an option to the Company to redeem the same on payment of a fine of Rs. 50 lakhs.

Section 33 of the Central Excises and Salt Act, 1944, provides for adjudication of offences by officers empowered under the Act, and Section 9 *ibid* provides for prosecution of persons who evade the payment of any duty payable under the Act or commit other offences as specified in that section. The case has already been adjudicated with the results indicated above. The Company filed a writ petition to the Delhi High Court. According to the order dated 24-4-1978 of a division bench of the High Court :—

(i) The petitioner would file an appeal to the Central Board of Excise and Customs against the Collector's order ;

(ii) Until the disposal of the appeal, recovery of the Excise duty and penalty would not be enforced ;

(iii) In case there was any consideration of prosecuting the petitioners, the Court and the petitioner thereby would be informed ;

(iv) Provisional assessments might be made for future periods, and subject to the furnishing of security bonds by the petitioners, there would be no recovery of the amounts so assessed.

Further action to be taken by the Collector and by the Central Board of Excise and Customs will be in accordance with law and the merits of the case and within the confines of the High Court's order.

Declaration by M/s Delhi Bottling Company to Excise Authorities

*1002. SHRI MALLIKARJUN : Will the minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it has come to the notice of the Government that soft drinks manufacturers, by the name of M/s. Delhi Bottling Company, have declared to the Excise Authorities that Cola nuts extract is not used in their drink "Thums up", but at the same time they are advertising in the press, hoardings and other media that it is a cola ;

(b) if so, are they not evading excise duty by false declaration; and

(c) if so, what action does the Government propose to take against the defaulting company ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGRAWAL) : (a) Yes, Sir; the manufacturer has declared in the price list that cola nut extract is not used in the manufacture of drinks including "Thums up". The manufacturer is advertising in the Press that "Thums up" is a refreshing cola.

(b) and (c). Aerated waters not containing extracts of cola (kola) nuts and falling under sub-item (2) of item No. 1D of the Central Excise Tariff are exempted from duty in excess of 25% ad valorem in respect of the first clearances for home consumption not exceeding 50 lakhs bottles by or on behalf of a manufacturer from one or more factories during any financial year susequent to 1977-78. Aerated waters containing extract of cola nuts are liable to duty at the tariff rate of 55% ad valorem. The assessment of "Thums up" was being made provisionally by the Collectorate under rule 9B of the Central Excise Rules and was to be finalised on receipt of the report of Chemical Examiner on an analysis of the beverage. The Chemical Examiner's report has since been received by the concerned Collector and it has confirmed that "Thums up" is free from cola nut extract. In view of this report, the assessees cannot be said to have made a false declaration to the Central Excise department or to have evaded Central Exscise duty.

कृषि भूमि जोतों पर करों संबंधी राज समिति की सिफारिशों की क्रियान्विति

*1003. **श्री सुखेन्द्र सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकारों को सलाह दी है कि वे कृषि भूमि जोतों पर करों सम्बन्धी राज समिति द्वारा की गई सिफारिशों को एक निर्धारित अवधि में क्रियान्वित करें ;

(ख) क्या किसी राज्य ने केन्द्रीय सरकार से इन सिफारिशों की पुनः जांच करने का अनुरोध किया है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) कृषि सम्पत्ति और आय के कराधान से सम्बन्धित समिति (राज समिति) की रिपोर्ट को, उसमें दी गई सिफारिशों की शीघ्रता से जांच करने और उन पर अमल करने की दृष्टि से कार्यवाही करने के लिए नवम्बर, 1972 में राज्य सरकारों के पास भेजा गया था।

(ख) कुछ राज्य सरकारों ने बताया है कि कृषि जोत से सम्बन्धित कर का हिसाब लगाने का तरीका जैसा कि राज समिति द्वारा सुझाया गया है, बहुत ही जटिल है और यह कहा है कि वे कृषि आय पर कर लगाने के सम्बन्ध में इससे ज्यादा आसान तरीकों को पसद करेंगे।

(ग) 1978—83 की पंचवर्षीय योजना के मसौदे में यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारें राज समिति द्वारा सुझाये गये तरीके के अनुसार कृषि जोत के सम्बन्ध में प्रगतिशील कर लगाने के बारे में एक बार फिर विचार कर लें। लेकिन यदि ऐसा करना सम्भव नहीं समझा जाए तो सभी राज्यों में भू-राजस्व में क्रमिक दरों पर अधिभार शामिल किया जाना चाहिये ताकि कृषि कराधान की प्रणाली में क्रमिक वृद्धि लागू की जा सके और कृषि क्षेत्र से संसाधनों को जुटाया जा सके।

Price Control on goods manufactured out of Filament Yarn

*1004. SHRI L. L. KAPOOR : Will the Minister of COMMERCE, CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state :

(a) whether State Trading Corporation allowed actual users import directly hug quantity of polyster filament yarn andewhether this additional quantity was 400 tonnes more than the 1100 tonnes during the year 1976-77 ;

(b) whether the imported yarn was allotted by S. T. C. to certain firms after charging a small percentage as handling charges, though there was premium of about 300 per cent on polyster yarn ;

(c) if so, indicate the list of such firms, quantity allotted/imported ;

(d) is there any price control on the goods manufactured out of this yarn, and

(e) if not, the reason for allowing such huge quantity of this imported yarn ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION (SHRI ARIF BEG) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Does not arise.

(d) No, Sir.

(e) During 1977-78, STC was asked to arrange import of Polyster filament yarn to supplement indigenous production and to make it freely available to actual users at reasonable prices.

Action against smuggling of Indian Film Prints

*1005. SHRI KACHARULAL HEMRAJ JAIN : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether the custom men in Bombay have busted a racket of smuggling of Indian film prints ;

(b) if so, the particulars thereof ;

(c) the names and number of persons arrested by the Customs for this offence; and

(d) the action taken or proposed to be taken against the persons so arrested ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGRAWAL) : (a) and (b). According to reports received by the Government, on 5-1-78, the Customs authorities at Bombay, seized 25 years of different films from the baggage of a foreign passenger while he was attempting to smuggle them out of the country. The

particulars of the seized films are as follows :—

Name of the firm	*No. of reels*
Devdas (Hindi) . . .	5
Talaq (Hindi) .	4
Pati-Patni (Hindi) .	4
Karigar (Hindi)	4
Aasra (Hindi) . .	4
Under Capricon (English) .	3
The man who know too much (English)	1
TOTAL . .	25

(c) One person was arrested. His name is Robert Johnston. He was subsequently released on bail by the Court.

(d) Prosecution has been launched against the person and the same is pending in the Court. further investigations are in progress.

Commuted Pension to Central Government employees seeking voluntary Retirement

*1006. SHRI S. NANJESHA GOWDA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state.

(a) whether it is a fact that Central Government employees who seek voluntary retirement are eligible for commuting their pensions after appearing before a Medical Board while the employees who retire on superannuation can get their pensions commuted without appearing before the Medical Board ; and

(b) if so, the reasons therefor and whether Government propose to remove this anomaly ?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI H. M. PATEL) : (a) Yes, Sir.

(b) The primary aim of the medical examination held for the purpose of commutation of pension is to determine whether the pensioner is in normal health or not. As a measure of simplification of procedure, orders have been issued allowing commutation of pension without a medical examination to Government servants retiring on superannuation, since in their case it can be safely assumed that they are in normal health. It is not proposed to extend these orders to those seeking voluntary retirement, as the assumption of normal health cannot be made safely in all such cases.

New Air Routes for Newly Developed Tourist Spots

9201. SHRI MOHINDER SINGH SAYIAN WALA : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether Government propose to open new air routes in the country linking inter-alia prospective and newly developed tourist sports ; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVAIATION (SHRI PURSHOTTAM KAUSHIK) : (a) and (b). The question of connecting small towns and places of tourist and other interests by third level operations is engaging the attention of the Government. A preliminary project report prepared by the Indian Airlines is under examination by a Committee constituted to go into the various aspects of the proposal.

Incentives to Gem and Jewellery Trade

9202. SHRI RAM KISHAN : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in Rajasthan there is a three per cent levy at every point on semi-precious stones while in Maharashtra and Gujarat there is no sales tax on them thereby escalating the cost of finished semi-precious pieces by 30 per cent ;

(b) whether it is also a fact that in Rajasthan manufacturers and traders having a turnover of Rs. 5,000 a year or more are required to get themselves registered for sales tax while in Delhi and the limit is Rs. 1 lakh and in Bombay Rs. 50,000 and it has resulted in the employment at wholesale level ; and

(c) what steps Government propose to take to remove the snags and offer incentives to the gem and jewellery trade ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGRAWAL) : (a) Levy of tax on sales or purchases of goods inside a State is a State field of taxation. In Rajasthan, there is 3% sales tax multipoint basis on gems and jewellery and semi-precious stones. In Gujarat and Maharashtra also, gems and jewellery are

subject to sales tax. However, in Gujarat synthetic precious stones and diamonds are exempt from tax.

(b) A turnover limit for a manufacturer for getting himself registered for the purpose of sales tax is Rs. 5,000/- per year in Rajasthan. In Maharashtra, manufacturers or importers with in an annual turnover of Rs. 10,000/- and re-sellers with an annual turnover of Rs. 30,000/- have to get themselves registered. In Delhi, manufacturers with an annual turnover of Rs. 30,000/- and dealers with an annual turnover of Rs. 1 lakh have to get themselves registered. No information is available regarding employment at wholesale level.

(c) It is understood that the Rajasthan Government is appointing a Committee to examine the grievances of gems and stones trade and a decision will be taken by that Government on receipt of the report of that Committee.

स्टेट बैंक आफ इंडिया की सुलतानपुरी पुनर्वास बस्ती (दिल्ली) स्थित शाखा द्वारा गृह निर्माण के लिये दिये गये ऋणों की वापस अदायगी

9203. **श्री पायस टिर्की :**
श्री के० लकप्पा :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्टेट बैंक आफ इंडिया की सुल्तानपुरी पुनर्वास बस्ती (दिल्ली-41) स्थित शाखा द्वारा गृह निर्माण के लिए दिए गए ऋणों की वापस अदायगी के लिए मासिक किस्तों की राशि में कमी करने के बारे में बैंक अधिकारियों से कोई बातचीत हुई थी; और

(ख) यदि हां, तो क्या बस्ती की एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन के आधार पर किस्त की राशि 60 रुपए से घटाकर 30 रुपए कर दी गई है और यदि नहीं, तो क्या सरकार इस विषय पर पुनः विचार करना चाहती है ?

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) और (ख). भारतीय स्टेट बैंक ने इस पुनर्वास कालोनी में अपने मकानों के निर्माण पूरा करने के लिए सुलतानपुरी के निवासियों को अधिकतम राशि 2500/– रुपए तक ऋण के रूप में मंजूर की थी। वापसी की किश्तें सभी के लिए 60/– रुपए नहीं तय की गई थीं, क्योंकि अलग अलग मामलों में ऋण की राशि अलग अलग थी। यद्यपि सामान्यतया ऋणों की वापसी अदायगीकी अवधि 2–3 वर्ष तय की गई थी परन्तु अब इसे बढ़ा कर अधिक से अधिक 5 वर्ष कर दिया गया है बशर्ते कि ऋणकर्ता और उसके जमानती (गारंटर) इसके लिए बैंक से अनुरोध करें और उससे सम्बन्धित सभी अपेक्षित औपचारिकताओं को पूरा करें।

भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि इसे सुलतानपुरी कल्याण संघ के अध्यक्ष से एक प्रतिवेदन मिला है जिसमें अनुरोध किया गया है कि वसूली कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करें जिस पर शाखा प्रबन्धक 31 मार्च, 1978 को उक्त संघ के अध्यक्ष से मिले थे और इस मामले में उन्हें बैंक की नीति स्पष्ट कर दी जिससे वह सन्तुष्ट हो गये हैं।

Framing of rules for Deputation of Employees

9204. SHRI C. N. VISVANATHAN : Will the Minister of COMMERCE, CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 3294 on 17th March, 1978 regarding rules followed by Export Inspection Council and Export Inspection Agency in respect of service matters to their employees and state :

(a) whether Export Inspection Council/Agency so far had no comprehensive service rules for its employees since they have failed to frame their own rule for deputation but are following Central Government Rules; and

(b) if so, how many employees so far have been absorbed in the Council/Agency from the other departments and how many Council/Agency employees on deputation to other sectors have been absorbed ; what is their terms and conditions of absor ption and whether

any one of them have been allowed past service benefits as provided under Central Government Orders on the subject ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND CO-OPERATION (SHRI ARIF BEG) : (a) Export Inspection Council have framed service rules for the employees of the Export Inspection Council and Export Inspection Agencies. Since the Council is adopting the deputation rules, orders and instructions etc. issued by the Central Government for its employees, no need has been felt to frame separate rules for the purpose.

(b) 21 employees have been absorbed in the Export Inspection Council/Export Inspection Agency from other departments and 5 employees of the Export Inspection Council/Export Inspection Agency have been absorbed in other organisations. The terms and conditions in each case are decided on merits keeping in view the Central Government deputation rules, orders, instructions etc. and all relevent considerations.

Proposal to make super Bazars more broad-based

9205. SHRI YASWANT BOROLE : Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state :

(a) whether Government have decided to make the super bazar more broad-based to make available commodities of daily use even for the lower sections in the society ; and

(b) if so, what steps are being taken to take the idea to the rural countryside to make it really broad-based ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND CO-OPERATION (SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL) : (a) In order to ensure that benefits which are available from the infra-structure of consumer co-operative reach the vulnerable sections of the urban community, particularly those living in slums, residential areas of scheduled castes and areas inhabited by workers in the un-organized sector, it has been decided that the main thrust of the Centrally Sponsored Scheme, should be directed towards establishment of a large number of small/smaller branches for the benefit of weaker/weakest sections of the community. Guidelines for setting up of such units have been circulated to the State Governments.

The 46 skilled workers and technicians of the Instrumentation Limited, a Government of India enterprise with the collaboration of USSR, under the Ministry of Industry, are on strike and hunger-strike since 10-4-78 at Patratu Thermal Power Station, Bihar, Protesting against the retrenchment of 30 workers working there continuously for more than three years. This retrenchment of technicians and skilled workers is completely uncalled for as there is work in the Instrumentation Ltd. all over India and in Patratu in particular as this particular establishment is expanding all over the country, and the workmen are ready to go anywhere for jobs. I may also point out the fact that by retrenchment the Government is losing skilled hands trained for the purpose of instrumentation for years.

It may be noted that the same type of workers under BHEL under the same Ministry of Industry were made regular as per the agreement dated 8th April, 1978 in Delhi and there is no reason why different standards should be pursued in the case of workers of Instrumentation Ltd., and if this is allowed, the agitation is bound to spread to all other sites of work of Thermal Plants where the Instrumentation Ltd., is working. So, the Government should at once intervene in the matter, withdraw the retrenchment order and solve the crisis arising out of the strike and hunger strike for the just cause.

(iv) GANGES PRINTING INK FACTORY LTD., HOWARAH (WEST BENGAL).

PROF. DILIP CHAKRAVARTY (Calcutta South): Mr Speaker, Sir, with your permission, under Rule 377 I rise to plead with the Government of India to take over the Ganges Printing Ink Factory Ltd. This factory has been closed for the last seven months and the payment of salaries to the workers has not been made since October, 1977. The Government of West Bengal has already forwarded to the Government of India a proposal for taking over the concern. It is urgently necessary that the Ministry of Industry, Government of India, do take into consideration the situation prevaling in the Ganges Printing Ink Factory, Howrah, West Bengal and do take expeditious steps for opening the same.

(v) REPORTED DETERIORATION IN LAW AND ORDER SITUATION IN DELHI

श्री निर्मल चन्द्र जैन (सिवनी) : अध्यक्ष महोदय, मैं नियम 377 के अन्तर्गत सदन और सरकार का ध्यान दिल्ली की बिगड़ती हुई शान्ति और व्यवस्था की स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं । अकेले 2-5-78 के दिन छः ऐसे केस पुलिस को रिपोर्ट किये गये, जिनमें रावरी हुई । ऐसे भी बहत से केस हो सकते हैं, जिन में ये घटनायें रिपोर्ट न की गई हों । ये डकैतियां मोहन गार्डन और राउज ऐवेन्यू जैसे महत्वपूर्ण स्थानों और घनी बस्तियों में हुई हैं ।

MR SPEAKER : For your information, a direction has been issued after consulting leaders of the various parties that Members who want to make statements under Rule 377 would only read out the written statement....

श्री निर्मल चन्द्र जैन :

I am merely translating it into Hindi; If you want, I will read out the statement in English.

ये इस प्रकार की घटनाएं नहीं हैं कि सड़क पर कोई छीना-झपटी हो गई हो, बल्कि घरों में घुस कर डकैतियां की गई हैं । इस प्रकार की घटना एक बहुत गम्भीर समस्या बन गई हैं । इसमें या तो पुलिस ठीक तरह से तफतीश नहीं करती है, या ठीक तरह से विजिलेंस नहीं रखती है । मैं चाहता हुं कि इस बारे में उचित कार्यवाही की जाये ।

12.37 hrs.

MOTION *RE.* DRAFT FIVE YEAR PLAN 1978—83—*contd.*

MR SPEAKER : The House will now take up further consideration of the following motion moved by Shri Morarji Desai on the 3rd May, namely :—

> "That this House do consider the 'Draft Five Year Plan 1978—83' laid on the Table of the House on the 26th April, 1978".

Shri Govindan Nair.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR (Trivandram): Mr Speaker, Sir, it had been the normal practice in the past that before the draft of the Five Year Plan is finalised, preliminary discussions with the State Governments were conducted. This time the Planning Commission in their hurry did not care to have that kind of preliminary discussions with the State Governments. They have also come out with this Plan by cutting short the Fifth Plan by one year. From all this hurry. I was feeling very optimistic that the planning Commission is going to present a Plan that will find solution to the various problems facing our country. Going through the Plan document, I was happy to understand that the Planning Commission has identified the problems and they have also identified the possibilities. But when I went through the rest of the document, I felt very much disappointed.

The Planning Commission admits that during the past 27 years from a stagnant economy we have reached the stage of a growing economy. We have modernised our activities so that today we can feel proud that we are almost self-reliant. We have diversified our activities. In every field of industry we have certain developments. In the field of producing capital goods we are very much in advance. And also in the matter of foreign exchange and food we are in a very advantageous position. With all these possibilities we would have expected a Plan which would have really meant a solution to most of our problems. It has also been noted that during the past, in spite of all these developments, people were getting impoverished. If it was 40 percent during the Fifth Plan period, now they admit that

the number of people below the poverty line has gone up to 47 per cent. So also they will agree that in spite of the growth in the agricultural sector, the agriculturists were getting pauperised. The per capita income to-day is Rupee 1 less than what it was in 1951. Not only that, the agriculturists, the cultivators, the working force....

SHRI D. N. TIWARY (Gopalganj) : Is your calcutlation all right ?

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR : It is not my calculation. It is the Government of India calculation.

So also the percentage of cultivators....

MR SPEAKER : You have only 11 minutes for you. Please do not allow yourself to be interrupted.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR : Then I can even stop now. The point is.....

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI BIJU PATNAIK): He has no backing in the opposition.

MR. SPEAKER : That is not my concern.

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN (Coimbatore): The minister is making a running commentlary and is just walking out.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR : He is a Minister without Portfolio commenting on everything.

SHRI BIJU PATNAIK : I must back you.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR: You come and sit here.

Now in one way you can consider that this reduction in the percentage of agricultirists to the working force may be due to industrial development. But, unfortunately, the fact remains that while the peasants are getting pauperised, the percentage of landless labour has increased from 19 to 26 per cent. That shows that in spite of doubling of production, the agricultural sector—the agricultural worker and the peasant are getting pauperised.

In the industrial sector also the percentage of added wealth that formerly went to the workers by way of wages has gone down and the profits and the salaries have increased.

So unless this process is reversed whatever be your impressive investment in the agriculture sector you are not going to remove poverty. Rather a few people one of such persons was discussed here are getting richer. During the last 27 or 20 years 20 Houses which owned Rs. 511 crores have today Rs. 5,111 crores. On the one side the mass of the people are getting pauperised but on the other side a few houses are getting rich. Unless this process is reversed whatever be the investment—whether it is in the agriculture sector or in the industrial sector it is not going to help remove either poverty or unemployment.

Then again when you look into the financial resources on which the Planning Commission is depending the situation in the countryside is going to aggravate rather than improve. Here it was mentioned—about tax evasion—that nearly over Rs. 1,000 crores as income tax arrears have to be realised from the richer section. You are not depending on that. But you are depending on taxation. For 24,000 crores of additional resources, you are depending on indirect tax of Rs. 13,000 crores. This is going to further do away with the purchasing capacity of the people. For every industrial goods which he needs, by the enhancement of the excise duty he has to pay more.

Another process by which the Government wants to make resources for the plan is by taking away all the subsidies that already exist. Take for example sugar. You want to almost double the production of sugar during the coming years. But the increased production this year itself is caught in a serious crisis. For this sugar industry Government today is giving nearly Rs. 13 crores by way of export subsidy. If that subsidy is to be taken away it will further aggravate the situation, if the production is to go high.

Now you are increasing the cost of electricity. Is this the way to deal with the problem ?

For wheat you are giving Rs. 23 by way of subsidy and we are all happy about the food situation in our country. Supposing this subsidy is taken away and you want to enhance production, it will have its effect. Unless the peasants are helped you will not be able to reach the production level which you want to reach. My point is in order to find resources for the plan the methods adopted by the Government have to be liberalised and new methods have to be found. Here I would say even if some of the leading members are allergic to socialism the only way to raise the necessary resource

[Shri M. N. Govindan Nair]

is by tapping the rich. In certain spheres if our economy has to advance, if the purchasing power of the people is to be enhanced, then nationalisation of the monopoly concerns is a 'must.' I want them to consider whether in order to save over hundred million families to deal with 20 monopoly houses is a problem for the Government. Our Prime Minister is well-known for his courage. I hope he will have the courage to take the necessary step in this regard. I hope he will take this step without prejudicing the larger interests of the nation.

In spite of the limited public distribution system that we have, the benefits do not go to the people. This is a limited way of public distribution system now which is also subsidised. Take the case of the Delhi Milk Scheme. There is consumer resistance. On the question whether price is to be raised or not my point is this. As far as the essential commodities are concerned you should have a proper public distribution system which should help the poor people in this country. For that you will have to nationalise the foreign trade as well as the internal trade and you may have to utilise the cooperatives for that purpose. Then again the present credit structure must change. So my point is that the Government has to intervene in a big way in the field of trade as also in regard to the system of credit facilities now existing.

Sir, the hon. Finance Minister has said that he is not going ahead with further Nationalisation of Banks. Nationalisation of Banks is one way of raising resources for your Plan.

Then with regard to the policy to be followed about prices and wages unless you have a proper machinery by which the real wages of the workers are increased in proportion to the production they make, there will always be this problem. Therefore with regard to prices and wages also you should have a proper approach.

I have only one point to make. We have reached a stage of development in this country where we are not dependent upon other nations. We are self-reliant. The capitalist class in the past has to some extent contributed in our development. I do admit that.

But now today if you want to take the country forward there is only one way and that is the socialist way ; and there is only one path and that is the non-capitalist path. Thank you.

श्री तेज प्रताप सिंह (हमीरपुर) : अध्यक्ष महोदय, पिछले तीस वर्षों में जिस संस्था के पास, जिस पार्टी के पास, शासन का भार रहा है और जिन्होंने हमारे देश की तरक्की करने के लिए बड़े-बड़े वायदे किये, बड़े-बड़े विचार व्यक्त किये, प्लानिंग कमीशन का निर्माण किया और उन्होंने जो लक्ष्य निर्धारित किये, वे उन लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके । आज यह सौभाग्य की बात है कि देश ने करवट ली और ऐसे लोगों के हाथ में शासन का भार सौंपा है, जिनसे जनता को बड़ी-बड़ी आशाएं हैं । हमारी इस जनता पार्टी का नेतृत्व ऐसे सुयोग्य और गांधी वादी विचार रखने वाले नेता के हाथों में है, जिससे जनता को बड़ी आशाएं हैं । हम सभी जानते हैं और यह बात सबको मालूम है कि हमारे देश में बहुत बड़ी गरीबी है और कोई भी योजना हमारे देश में, बनाई जाएगी या कोई भी लक्ष्य हम निर्धारित करना चाहेंगे तो वह लक्ष्य एक ही हो सकता है कि यहां से गरीबी का उन्मूलन हो जाए, गरीबी दूर हो जाए और देश में कोई भी बेरोजगार न रहे, बिना काम के न रहे और सबको काम मिले । यह सर्वमान्य सिद्धान्त है । दूसरा यह भी एक लक्ष्य हमारे सामने हैं कि धन का वितरण भी ऐसे हो कि आम जनता का स्टैण्डर्ड आफ लिविंग करीब करीब एक सा हो । ये तीन लक्ष्य सामने आते हैं और इन तीनों लक्ष्यों को सामने रख कर सारी योजना का निर्माण हो । जब मैं इस ड्राफ्ट प्लान की आउटलाइन्स को देख रहा था तो मैंने देखा कि बड़ी अच्छी तरह से उसको लिखा गया है । इसमें कुछ आंकड़े दिये गये हैं जिनको आप देखेंगे तो यह पायेंगे कि हमारे रूरल एरियाज में, देहाती क्षेत्रों में 20 परसेन्ट गरीब लोग ऐसे हैं, जो सारा कन्जम्पशन होता है, जो भी उपभोक्ता

वस्तुओं का इस्तेमाल होता है उसका 9.5 परसेन्ट ही इस्तेमाल कर पाते हैं। कितनी दुर्दशा है उनकी। आप अगर आंकड़ों पर न जायें, हम जो देहाती क्षेत्रों में जाते हैं, अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जाते हैं तो यह देखते हैं कि उनकी कितनी दुर्दशा है। हमारे देश में 25, 30 परसेन्ट लोग निश्चित ही ऐसे मिल जायेंगे जिनको सन्तुलित आहार की बात तो क्या, भरपेट भोजन भी नहीं मिलता है। उनके पास कपड़ा नहीं है, मकान नहीं है जो कि प्राथमिक आवश्यकतायें हैं वे भी उनके पास नहीं हैं। इस तरह की हालत हमारे देश के उन लोगों की है।

यही हालत हमारे शहरी क्षेत्रों में स्लम एरियाज का है, जिनमें शहर का बड़ा भारी हिस्सा रहता है। हम वहां देख सकते हैं कि हमारे देश की क्या दुर्दशा है और यह बात निर्विवाद है और इस बारे में नेशनल कनसेंसस है और कोई दो राय इसमें नहीं हो सकती हैं। चाहे व्यक्ति का लक्ष्य हो, चाहे राष्ट्र का लक्ष्य हो, यह बहुत महत्व की बात है कि देश की जनता को भोजन चाहिये, कपड़ा चाहिये और मकान चाहिये। आखिर हम कोई भी योजना बनायें। चाहे हम एक घर की योजना बनायें या पूरे राष्ट्र की योजना बनयें, उसके बनाने में तीन बातें बहुत ही प्रमुख हैं। एक तो यह है कि हमें उसकी जानकारी होनी चाहिये। जानकारी अगर हमें नहीं होगी, तो हम लक्ष्य तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकेंगे। इसलिए जानकरी होनी चाहिये, ज्ञान होना चाहिये।

दूसरा बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है, लगन। अगर काम को करने की लगन नहीं है, तो लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल है चाहे जितनी भी जानकारी हम रखें। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लगन का होना बहुत ही आवश्यक है।

तीसरा महत्वपूर्ण अंग है क्रिया-शक्ति का, हमने जो योजना बनाई है उसके लिए क्रिया-शक्ति चाहिये। उसे करने के लिए हम कोई कदम उठाते हैं या नहीं, जिसे इम्प्लीमेंटेशन कहते हैं। इसका होना बहुत आवश्यक है। इस तरह तीन हिस्सों में इसको डिवाइड कर सकते हैं।

MR. SPEAKER : The hon. Member will continue after lunch. We now adjourn to re-assemble at 2 p.m.

13 00 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassembled after Lunch at Nine Minutes past Fourteen of the Clock.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*].

MOTION RE. DRAFT FIVE-YEAR PLAN 1978-83—*contd.*

श्री तेज प्रताप सिंह : मैं यह बता रहा था कि हमारे जो भी लक्ष्य हैं उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तीन बातें बहुत जरूरी हैं। एक यह है कि हमें पूरी जानकारी होनी चाहिये। उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये, किन किन बातों की जानकारी लेना आवश्यक है यह हमें पता होना चाहिये और वह जानकारी हमारे पास होनी चाहिये। दूसरा महत्वपूर्ण स्थान लगन को मिलता है। सारी जानकारी हो, अगर लगन नहीं है तो सफलता हमें नहीं मिल सकेगी। तीसरी बात है क्रियाशक्ति की। अगर हम क्रियाशील नहीं हैं तो उन लक्ष्यों को हम प्राप्त नहीं कर सकते हैं। आप देखें कि पहले वाले प्लान में छः हजार करोड़ रुपये बंधे बनाने के लिए डैम बनाने के लिए रखे गए थे लेकिन दो हजार करोड़ के ही हम पांच साल में बना सके हैं। चार हजार का शार्टफाल हुआ। पूरा उपयोग नहीं कर सके। अब इनको या तो जानकारी नहीं थी और जानकारी थी

[श्री तेज प्रताप सिंह]

तो लगन नहीं थी । आज इस दशा में हम पहुंचे हैं कि बहुत ही गरीबी हमारे देश में छायी हुई है । 50 से 60 प्रतिशत लोग बेहद गरीब हैं । तो इसके जो लक्ष्य रखे गए हैं वह उत्तम हैं परन्तु उनको हम प्राप्त कैसे करें यह देखने की आवश्यकता होती है ।

मैंने ड्राफ्ट फाइव ईयर प्लान को देखा । उसमें जो हमारे प्लानर्स हैं वह एक जगह क्या कहते हैं, यह आप देखें । क्योंकि हमने एक लक्ष्य निर्धारित किया है कि हमारी आमदनी भी सही रूप में वितरित होनी चाहिए, कोई बहुत बड़ा अमीर नहीं हो हमारे देश में और कोई गरीब नहीं हो, दोनों की बीच की खाई को पाटना चाहिए, जब इस बात को देखते हैं हमारे प्लानर्स तो वे क्या कहते हैं, यह पेज 7 पर दिया हुआ है :

"The trends in the distribution of income and wealth are difficult to discern."

यह प्लानर्स को पता नहीं है कि हमारे देश में क्या ट्रेन्ड्स हैं । अमीर अमीर होता जा रहा है, गरीब गरीब होता जा रहा है, इसका इन को पता नहीं है । इन को ट्रेन्ड्स का ही पता नहीं है । समझ में नहीं आता है, जब इनको इस बात का पता नहीं है तो ये प्लान किस प्रकार से कर सकेंगे । ज्यादातर लोग शहर से आते हैं, बहुत बुद्धिमान हैं, पढ़े लिखे हैं लेकिन उनको देहातों का पता नहीं है । तो यह सारी घिसी पिटी वस्तु हम बनाते रहेंगे कि पिछले प्लान में सिंचाई के लिए इतना था तो चलो उसको कुछ बढ़ा दिया जाय, कुछ उद्योग के लिए बढ़ा दिया जाय, इस प्रकार से हमारे प्लान बनेंगे तो कभी भी हम सफलता तक पहुंचेंगे नहीं और जो हमारी परेशानियां हैं उनको हम हल नहीं कर पायेंगे ।

आंकड़ों में यह दिया हुआ है कि हमारे देहातों में 20 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जिनके पास 1 परसेंट एसेंट है । यानी सारे धन का 1 ही परसेंट उन 20 परसेंट आदमियों के पास है । इस कदर गरीबी है और चार परसेंट के पास करीब करीब 30 परसेंट एसेंट्स है । यह इतना बड़ा गैप है और इस के बाद भी वह कहते हैं कि हमें ट्रेन्ड का ही पता नहीं है, तो वे किस प्रकार यह काम कर पाएंगे । हमारी ग्रोथ रेट कुछ भी हो जाय, दस परसेंट भी हम उसको कर दें बढ़ा कर लेकिन उसका फेयर डिस्ट्रीब्यूशन नहीं होगा जनता में तो हमारी योजना रद्दी की टोकरी में डालने लायक रहेगी । आज क्या हो रहा है ? दस दस हजार करोड़ रुपये के हमारे विग विजनेस हाउसेज हैं, वह बढ़ते चले जा रहे हैं, कोई रोकथाम नहीं कर पा रहा है किस तरह से गरीबी हटा पाएंगे और किस तरह से विलेज ओरियेन्टिड कर सकेंगे जैसा कि हमारे मित्र कह रहे हैं ।

हमारी जनता पार्टी ने प्रयास किया है कि हम देहातों की तरफ देखें, शहरों में ही सारा धन इकट्ठा न होता जाय, इस ओर कोशिश की जाय । मैं देहातों में घूमता हूं । मैं यह कहूंगा कि हमारी योजना में दो बातों पर ध्यान देना चाहिए । यदि वे दो बातें सफल हो जाती हैं तो हमारे यहां से गरीबी दूर हो जायगी, ऐसा मैं समझता हूं । देहातों में 60–70 प्रतिशत किसान हैं, सब से पहला प्रश्न किसान पूछता है पानी के बारे में । वह कहता है कि हमें पानी दे दीजिए, चाहे ट्यूबवेल से दे दीजिए चाहे नहर का साधन दे दीजिए .....

एक माननीय सदस्य : किसान तो 80 परसेंट हैं ।

श्री तेज प्रताप सिंह : 60–70 परसेंट ही मान लें ।

तो यह सब से बड़ी बात है, सिंचाई की सब से ज्यादा आवश्यकता है । सिंचाई पर हमारा बजट बढ़ाया गया है, यह ठीक है लेकिन उसमें ज्यादा इजाफा होना चाहिए । आप देखें 50–51 में 23 मिलियन हेक्टेयर में सिंचाई होती थी । 76 तक उस को 45 मिलियन हेक्टेयर तक ले गए । लेकिन

हजारों मिलियन हेक्टेयर अभी भी पड़े हुए हैं । हमारी इस योजना में दिया हुआ है कि 17 मिलियन हेक्टेयर तक हम अतिरिक्त सिंचाई की क्षमता 1983 तक पैदा कर देंगे । यह वंदनीय है, अच्छी बात है । लेकिन मेरा निवेदन है कि अगर हम इस देश को खुशहाल बनाना चाहते हैं तो दस साल में हमें हर खेत पर पानी पहुंचा देना चाहिए और इतना पानी पहुंचा देना चाहिए कि जब भी वह पानी चाहे उसको पानी मिले । हमारा बुन्देलखंड है । वहां वह कहते हैं कि They are mere apologies नहर एक पानी देती है । गेहूं अच्छा उगता है, अच्छी पैदावार के लायक होता है, लेकिन सूख जाता है । उसमें दाना ठीक से नहीं पड़ पाता है । तो मियर एपालजी से क्या फायदा ? इतना पानी हो कि कम से कम पांच पांच, छः छः पानी तो मिल सके । हमारी क्षमता, हमारा उद्देश्य यह होना चाहिए । उस लक्ष्य को आप देखें । उस साधन की जानकारी आपको करनी पड़ेगी । मेरे पास वह मशीनरी नहीं है । प्लानिंग कमीशन है, उस को आप देखें । लेकिन लक्ष्य यह रखें कि दस साल में आप हर खेत को बराबर पानी पहुंचा सकें । तभी इस देश की सब से बड़ी समस्या हल हो सकती है । बाकी 30 प्रतिशत जनता देहातों में ऐसी है जिसके पास कोई काम नहीं है । उनकी ओर सरकार का और प्लानिंग कमीशन का ध्यान गया है कि उनके लिए गृह उद्योग-धंधों का प्रबन्ध होना चाहिए । पिछली हर एक सरकार कहती रही कि उद्योग-धंधे बढ़ाये जायें लेकिन आज तक नहीं बढ़ाये जा सके । आई टी आई में हमारे यहां के लोहार और बढ़ई जाते हैं लेकिन वे मेज कुर्सी तक बनाना नहीं जानते हैं । खुर्पा और लोहे के अन्य संयंत्र बाहर से आते हैं । जो छोटी-छोटी काटेज इण्डस्ट्रीज हैं वह समाप्त होती जा रही हैं । इसकी तरफ भी हमरा ध्यान जाना चाहिए ।

कृषि के बारे में एक और भी बात ध्यान में रखने की है । हमारे यहां केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल हो रहा है । मुझे बचपन का खयाल आता है तो मैं महसूस करता हूं कि आज न तो दाल में वह स्वाद है और न गेहूं में वह स्वाद है । कहीं ऐसा न हो जाये कि केमिकल फर्टिलाइजर की वजह से हमारे खेत ही ऊसर बंजर हो जायें । इस बात पर भी हमें ध्यान देना होगा । जैसी कि हमारी नीति है, हम ऐसी लकड़ी ज्यादा पैदा करें जोकि जलाने के काम में आ सके । इसके अलावा हमारे देश में सूरज बहुत चमकता है; हम सूरज की रोशनी से एनर्जी क्रिएट करें । अमरीका में जहां पर 8 महीने बरफ घिरी रहती है उनके मुकाबले हमारे देश में जहां इतनी अधिक सूरज की रोशनी रहती है, हमें इसकी ओर विशेष ध्यान देना चाहिए । गोबर गैस प्लान्ट का भी हम प्रचार करें लेकिन अभी उसकी कीमतें बहुत ज्यादा हैं, वह हर एक को मोहैया नहीं किया जा सकता है । गोबर की खाद पर भी हमें विशेष ध्यान देना चाहिए । आज अधिकतर गोबर इसलिए नष्ट हो जाता है कि जलाने के लिए फूयल नहीं है । उसके लिए हमें प्रबन्ध करना चाहिए ।

इस प्रकार से अगर हम सभी खेतों को सिंचाई देते हैं, अच्छे सीड्स, पेस्टीसाइड्स की व्यवस्था करते हैं और किसानों की अच्छी पैदावार होती है उसके बाद भी अगर मार्केटिंग की व्यवस्था ठीक नहीं होती है, बिचौलिए बने रहते हैं तब भी गरीब किसानों तक पैसा नहीं पहुंच पायेगा, वह पैसा अमीरों के पास ही रह जायेगा । इस सम्बन्ध में मैं एक मिसाल देना चाहता हूं । हमारे बुंदेलखण्ड में मसूर की दाल पैदा होती है जोकि डेढ़ सौ रुपए क्वींटल में बिक जाती है लेकिन वही दाल यहां पर आ करके साढ़े चार सौ रुपये क्वींटल बेची जाती है । यह बिचौलिए न कुछ करते हैं न धरते हैं सिर्फ पूंजी के बल पर उससे दुगुना तिगुना मुनाफा कमाते हैं । इसलिए इस ओर भी सरकार का ध्यान जाना चाहिए

[श्री तेज प्रताप सिंह]

कि अगर किसान की पैदावार बढ़ती है तो उसका फायदा भी किसानों को मिलना चाहिए। कनाडा में सारे किसानों की कोआपरेटिव यूनियन्स बनी हुई हैं जोकि प्रति क्वींटल प्राइस फिक्स कर देती हैं और उसके हिसाब से किसानों को पैसा दे देती हैं। वह माल जब बाहर बिकता है और उसमें जो फायदा होता है वह किसानों में डिस्ट्रिब्यूट कर दिया जाता है। वह पैसा बीच के व्यापारी के पास नहीं जाता है। इसलिए मेरी राय है कि इस देश में कोआपरेटिव मार्केटिंग सोसायटीज को सफल बनाना चाहिए। इस योजना में कोआपरेटिव्ज के लिए जो कहा गया है उसको अगर मैं लिप सिम्पैथी कहूं तो अतिशयोक्ति न होगी 376 करोड़ के बजाये 500 करोड़ कोआपरेटिव सेक्टर को बढ़ाने के लिए रखा है लेकिन उससे बढ़ोत्तरी नहीं होगी। हम चाहते हैं कि किसान के गल्ले की मार्केटिंग की व्यवस्था कोआपरेटिव के हाथ में आनी चाहिए ताकि बीच में इंटरमीडियरीज फायदा न ले जायें।

इस तरह से धन के वितरण करने का एक दूसरा साधन इम्पोर्ट एक्सपोर्ट का है। 5 हजार करोड़ के एक्सपोर्ट में पिछले वर्ष कोआपरेटिव सेक्टर के जरिए से केवल 72 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट किया गया और बाकी सारा का सारा बिजनेस हाउसेज के जरिये से एक्सपोर्ट किया गया। इस तरह से सारा मुनाफा चन्द आदमियों के हाथों में ही रहता है। पिछले तीस सालों से यही होता आ रहा है। इस सरकार को कोई क्रांतिकारी कदम उठाने चाहिए जिससे कि आमदनी जनता तक पहुंचे। कोआपरेटिव सेक्टर के जरिए से ही ऐसी व्यवस्था की जा सकती है। गल्ले की मार्केटिंग जिसका सम्बन्ध इस देश के 60-70 फीसदी लोगों से है जोकि किसान हैं, उसकी व्यवस्था कोआपरेटिव सेक्टर में ही होनी चाहिए वरना न तो किसानों को आर्थिक लाभ ही पहुचेगा और न उनकी पर्चेजिंग पावर ही बढ़ेगी।

कृषि के सम्बन्ध में एक बात में यह कहना चाहता हूं कि हमारे यहां करोड़ों एकड़ जमीन ऊबर-खाबड़ पड़ी हुई है। मुझे एक सज्जन मिले थे, जो जर्मनी से आये थे। उन्होंने बतलाया कि हमारे यहां बड़े पतले-पतले फारेस्ट्स हैं, जंगलों में बहुत सारी जमीन ऊबड़-खाबड़ पड़ी हुई है, जो न कृषि के काम आती है और न फारेस्ट्री के काम आती है। उन्होंने बतलाया--जर्मनी में उन्होंने डायनामाइट लगा कर जहां फारेस्ट लैंड थी, उसको उड़ा दिया और वहां पर चिकने मोटे तने के पेड़ होते हैं, लाखों रुपया खर्च करके उन पेड़ों को लगा दिया। इससे क्या हुआ कि उनकी पैदावार बढ़ गई, हमारा इस तरह का दृष्टिकोण नहीं है। आप देखें--हमारे यहां जो वन-सम्पदा है करोड़ों एकड़ जमीन उसमें पड़ी है, लेकिन उनमें अच्छे वन नहीं होते हैं। यदि हम इनको अच्छा वन नहीं बना सकते, तो समतलीकरण कर दें। पिछले दिनों हमें चित्रकूट में देखने को मिला, प्रधान मंत्री जी ने भी देखा--वहां पर ऊबर-खाबड़ जमीन का समतलीकरण करके कृषि के योग्य बना दिया, जिससे पैदावार हो रही है। हमारा ध्यान इस तरफ़ क्यों नहीं जाता है? हम जमीनों का समतलीकरण करके उनमें सिंचाई के साधन पैदा करें और उन जमीनों को भूमिहीनों को दे दें तो इससे हमारी पैदावार भी बढ़ेगी और भूमिहीनों को काम भी मिलेगा।

उद्योग धन्धों के सम्बन्ध में आप ने कहा है कि डिस्ट्रिक्ट कमेटीज बनेंगी--लेकिन उनसे कोई फायदा नहीं हो रहा है। आप कहते हैं छोटे-छोटे उद्योग धन्धे पनपने चाहियें, हैण्डलूम इण्डस्ट्रीज को बढ़ाना चाहिये, उनको संरक्षण मिलना चाहिये--यह सब तो ठीक है, लेकिन उसके लिये सभी प्रकार की सुविधायें चाहियें। इम्प्लीमेन्टेशन अगर ठीक नहीं होगा, तो कुछ भी नहीं होगा।

आप यह भी कहते हैं--अगर पब्लिक पार्टिसिपेशन नहीं होगा, तो हमारा इम्प्लीमेन्टेशन कभी भी सफल नहीं होगा, जनता उसके साथ नहीं होगी तो हम को कभी भी सफलता नहीं मिलेगी—लेकिन उसी के पहले आप यह भी कह रहे हैं कि जो पंचायती राज है उसमें—

"Will be reviewed after the Asoka Mehta Committee's report on Panchayati Raj Bodies has been examined by the government".

मेरा यह कहना है कि जो ब्लाक कमेटीज़ हैं, विलेज-पंचायत हैं, इनको प्लानिंग में शामिल कीजिये। उनको पावर दीजिये, बिना पावर दिये आपका प्लान सफलतापूर्वक नहीं चल सकता। आपकी ब्यूरोक्रेसी कभी सफलता नहीं ला सकती। पिछले तीस वर्षों से हम यही देखते आ रहे हैं। हम को इस तरह का स्टेप लेना चाहिये कि जो हमारी कमेटीज़ हैं, उनको डीसेन्ट्रलाइज़ करके पावर दें और वे भी अपना योगदान प्लान को दें। आप देखिये--मेरे क्षेत्र बुन्देलखण्ड में ऊन बहुत होता है, लेकिन सारा ऊन सस्ते दामों में लोग ले जाते हैं और उससे कालीन बनाते हैं। हम इस तरह की व्यवस्था उसी स्थान पर क्यों नहीं करते जिससे वहीं पर कालीन बनने लगें। जब रा-मैटीरियल वहां पर उपलब्ध है तो उसके कारखाने भी वहीं पर स्थापित किये जांय। मेरा निवेदन है कि इम्प्लीमेन्टेशन की जो मशीनरी है उसमें पीपल्ज पार्टिसिपेशन होना चाहिये, लेकिन यहां घर में बैठ कर वह नहीं हो सकता है। हमें बाहर जा कर जनता का सहयोग लेकर इसे करना चाहिये।

मैं तो ऐसा महसूस करता हूं--

पोथी पढ़-पढ़ जा मुआ, पण्डित भया न कोय,
ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पण्डित होय।

इसके लिये हमें लगन और निष्ठा से जनता को जगाना होगा, उसके पास जाकर, उसको इस प्रेम के पाठ को पढ़ाना होगा, तब हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकेंगे।

इस समय जो ड्राफ्ट प्लान बनाया गया है, उसमें हमारी दृष्टि देहाती क्षेत्रों की ओर गई है और हमें विश्वास है कि हम इसमें फेल नहीं होंगे, इसको ऐसे चार चान्द लगायेंगे कि हमारी आने वाली पीढ़ियां, हमारे बच्चे, जनता पार्टी को याद करेंगे।

श्री रामजीवन सिंह (बलिया) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, पिछले दो दिनों से इस ड्राफ्ट प्लान पर चर्चा चल रही है। कतिपय माननीय सदस्यों ने कहा कि इस प्रारूप को जल्द-बाज़ी में लाया गया है, इसे गांव स्तर, पंचायत स्तर पर भेजना चाहिये था। मैं उनकी इस बात से सहमत नहीं हूं। पिछले तीन दिनों से मैं देख रहा हूं—इस पर जो चर्चा चल रही है, उसमें माननीय सदस्यों की कितनी कम दिलचस्पी है, कोरम तक सदन में पूरा नहीं होता है, सदस्य यहां मौजूद नहीं रहते हैं। होना तो यह चाहिये था कि प्लानिंग कमीशन के सदस्य भी यहां मौजूद होते, उनको भी माननीय सदस्यों की राय को सुनना चाहिये था, लेकिन वे भी यहां मौजूद नहीं हैं। फिर भी मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं--उन्होंने इसे यहां पर सदस्यों की राय जानने के लिये रखा और यह भी कहा है कि सबकी राय जानने के बाद नवम्बर तक वे इसको फाइनल करेंगे।

उपाध्यक्ष जी, मैं विपक्षी दल के नेता माननीय स्टीफन साहब का भाषण सुन रहा था। मैं उनका हृदय से सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि जो योजना आपने आज बनाई है, उसकी जो इमारत खड़ी हुई है--पिछले अनेक वर्षों के मज़बूत आर्थिक आधार का परिणाम है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत समय नहीं लेना चाहता हूं, इसलिये बहुत ज्यादा आंकड़े नहीं देना चाहूंगा, लेकिन मोटी-मोटी दो-तीन बातों की तरफ़ आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। 31 दिसम्बर, 1976 तक हम ने विदेशों से जो कर्ज़ा लिया, वह 10,41,600 करोड़ था। इतने रुपये

[श्री राम जीवन सिंह]

आपने विदेशों से कर्ज लिये, दुनिया के 27 देशों से कर्ज लिये। इतना ही नहीं 1951 में जब प्रथम योजना लागू हुई थी, तो सेन्ट्रल टैक्स लगे थे करीब 120 करोड़ रुपये और जो बढ़कर 1971–72 में 614 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में लगे। आज स्थिति क्या है? भले ही आप कहते हों कि हम ने बहुत प्रगति की है लेकिन इस्पात में हमारा उत्पादन मात्र 77.3 लाख टन है। 1951 में जिस समय योजना शुरू हुई थी तो दुनिया में इस्पात के उत्पादन में भारत का आठवां स्थान था और अब घट कर उसका स्थान 13वां हो गया है। इसी तरह से जहां 1946–47 में कपड़ा निर्यात में भारत का स्थान दुनिया में दूसरा था वहां आज वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वर्ल्ड ट्रेड में हमारा क्या स्थान रहा है? 1951 में वर्ल्ड ट्रेड का औसत 78,000 करोड़ रुपये के करीब था और हिन्दुस्तान का ट्रेड था 1611 करोड़ रुपये यानी सम्पूर्ण वर्ल्ड ट्रेड का वह 2.1 परसेन्ट था। अब हमारी इतनी सारी योजनाओं के बाद वह घट कर कहां चला गया? 1973 में जहां वर्ल्ड ट्रेड था 5,10,000 करोड़ रुपये, हिन्दुस्तान का हुआ 2942 करोड़ रुपये यानी 2.1 परसेन्ट से घट कर 0.6 परसेन्ट यह हो गया। यही आप ने इतनी प्लानों के बाद प्रगति की है और इसी आधार पर आप अपनी पीठ थपथपाते रहे हैं। इतना ही नहीं, 1961 में 26 परसेन्ट भूमिहीन थे तो 1971 में 39 परसेन्ट हो गये। अगर आप यह कहते हैं कि हम ने मुद्रा कोष को बढ़ाने का काम किया है, अन्न का उत्पादन बढ़ाने का काम किया है, तो जिस समय अंग्रेज यहां से जा रहा था, आपको उससे करीब 35 अरब रुपये प्राप्त हुए थे। उतनी बड़ी राशि आपको प्राप्त हुई थी। थोड़ी देर के लिए, हम यह मान भी लें कि आप ने अर्थ भरने का काम किया है, तो क्या इस बात से इन्कार किया जा सकता है कि ईमान का खजाना जो इस देश के अन्दर था, उसको आप ने खाली कर दिया, एफिशियेन्सी के खजाने को आप ने खाली कर दिया है और अब जो भी सरकार बनती है, उसके सामने ईमान और ऐफिशियेन्सी की समस्या खड़ी हो जाती है। प्रधान मंत्री जी लाख अच्छे हों, लाख उनकी योजनाएं अच्छी हों लेकिन देश के अन्दर जो ईमान का खजाना खाली कर दिया गया है, उससे सारी चीजें यहां पर बेकार हो जाती हैं, कुछ हो ही नहीं पाता है। इसलिए जितनी भी योजनाएं चलती हैं और उन योजनाओं में चाहे जितना भी खर्च बढ़ता चला जाए, कुछ प्रगति सामने नहीं आती है। मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों ज्यों दवा होती गई। इसलिए मैं यह कहना चाहूंगा कि जो भी योजना बनती है, उस योजना को बनाने से पहले एक बात को जरूर देखना चाहिए कि ये जो हमारी पांच योजनाएं रही हैं, विफल क्यों रहीं? क्या कारण हैं कि इन योजनाओं में जो लक्ष्य रखे गये थे, उनकी पूर्ति नहीं हो सकी।

आप यह देखें प्रथम योजना में बिजली के ऊपर कुल मिलाकर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च किए, द्वितीय योजना में 235 करोड़, तृतीय में 1152.3 करोड़ और जो तीन वार्षिक योजनाएं बनी थीं उन में हम ने करीब 1225 करोड़ रुपये खर्च किये, चौथी योजना में 2448 करोड़ और पांचवीं योजना में 7293 करोड़ रुपये खर्च किये हैं और इतना खर्च करने पर भी अब तक 32.3 परसेन्ट गांवों को ही इलेक्ट्रिफाई कर सके हैं। यही हालत सिंचाई की है। पिछले वर्षों में 84 अरब रुपया हम ने इस पर खर्च किया है। जब अंग्रेज जा रहे थे उस वक्त सिंचाई होती थी 17.6 परसेन्ट एरिया में और इतने अरब रुपये खर्च करने के बाद अब हम ज्यादा से ज्यादा 26 परसेंट पर आए हैं यानी मात्र 10 परसेंट की हमने बढ़ोतरी की है इन पिछले 30 वर्षों में। हमारे यहां यही स्थिति है फैमिली प्लानिंग की। फैमिली प्लानिंग पर प्रथम योजना में 18 लाख 50 हजार रुपये खर्च हुए थे,

द्वितीय में 3 करोड़ रुपये, ततीय में 24.86 करोड़ रुपये, चौथी फाइव इयर प्लान में 315 करोड़ रुपये और पांचवीं फाइव ईयर प्लान में 430.62 रुपये खर्च हुए और इसके बाद नतीजा क्या निकलता है? हर वष हिन्दुस्तान में एक आस्ट्रेलिया के बराबर जनसंख्या बढ़ जाती है। करीब 1 करोड़ 20 लाख आदमी हर वर्ष हिन्दुस्तान में पदा हो जाते हैं और उन आदमियों को खिलाने के लिए प्रति वर्ष चाहिए 1 करोड़ 20 लाख क्विंटल अनाज, 25 लाख मकान चाहिए, 1 लाख 26 हज़ार स्कूल चाहिए, करीब 3.72 लाख शिक्षक चाहिए और 47 लाख लोगों को हर वर्ष रोजगार चाहिए। पहले से ही कितने लोग बेरोजगार है, यह सब जानते हैं। इसलिए मैं यह कहना चाहूंगा कि जो योजना आप बनाएं, निश्चित तौर पर यह देखे कि पिछली योजनाओं की विफलता के क्या कारण थे और उनको कैसे दूर कर सकते हैं।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि योजना बनाने पर यह अवश्य ख्याल रखा जाना चाहिए कि हमारी समस्यायें क्या हैं, हमारे साधन क्या हैं और हमारा सिस्टम क्या हैं? हमारे यहां बेकारी की और भुखमरी की समस्या है। हिन्दुस्तान एक बहुत गरीब देश है। अमेरिका में एक व्यक्ति को रोजगार देने के पीछे 20-25 हजार रुपया खर्च किया जाता है। इसी काम के लिए रूस 15 हजार रुपया खर्च करता है लेकिन हिन्दुस्तान मात्र पांच-सात सौ रुपया खर्च कर सकता है। जो आज अमेरिका में चलता हैं, उसकी हम नकल तो कर सकते हैं लेकिन नकल करने के लिए अकल चाहिए अन्यथा शकल बिगड़ने की स्थिति पैदा हो जाती है। और पिछले तीस वर्षों में यही हुआ है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि हमारे जो साधन है, हमारी जो समस्याएं हैं, उन्हीं के अनुरूप हमें करना है। इन सारी चीजों को देखते हुए हमें आगे चलना है। हमारे यहां प्रजातांत्रिक पद्धति है। प्रजातांत्रिक परिस्थितियों में जो कुछ हो सकता है, वही हमें करना है। इसलिए इन सारी बातों का ध्यान रख कर ही हम योजना बनावें। जब हम देश के सर्वांगीण विकास के लिए योजना बनावें तो यह सोचें कि क्या इससे देश का सर्वांगीण विकास हो सकेगा, कहीं सर्वांगीण विकास के नाम पर एकांगी विकास भी नहीं हो पाए। पिछले तीस वर्षों में यही होता रहा है। जब हम यह सोच कर चलते हैं कि यह भी हो, वह भी हो तो कुछ भी नहीं हो पाता है। पिछले तीस वर्षों में न तो हम इर्रीगेशन के मामले को सोल्व कर सके हैं, न इलेक्ट्रिफिकेशन के मामले को सोल्व कर सके हैं, न कम्युनिकेशन के मामले को सोल्व कर सके है। इस तरह हम किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर पाए हैं। इसलिए हम तो आप से यह चाहेंगे कि आप जो योजना बनावें उसमें कम से कम एक-दो समस्याओं का तो समाधान अवश्य कर दें। आप प्रत्येक योजना का नामकरण कर दें। अमुक योजना कृषि, विद्युत और उद्योग योजना है। आप उसमें यह रख दें कि पांच वर्ष के अन्दर कृषि उद्योग, उद्योग और विद्युत की समस्या का समाधान कर देंगे। यह भी निश्चित कर दें कि सिंचाई की समस्या का समाधान इस योजना में कर देंगे। आप फिर सातवीं योजना जब बनावें तो उसमें कोई दूसरे-दूसरे मद, कम्युनिकेशन आदि रख सकते हैं कि अगले पांच वर्ष में हम इसकी समस्या का समाधान करेंगे। कोई जरूरी नहीं कि पांच वर्ष तक या दस वर्ष तक हम कच्ची सड़क पर न चल सकें, पक्की सड़क पर ही चलें। आप गांवों में पानी का प्रबन्ध कर दीजिए और यह निर्धारित कर दीजिये कि इतनी अवधि में हम इस समस्या का समाधान करेंगे।

पिछले तीस वर्षों में आप शहरों की तरफ गये हैं, शहर का विकास किया हैं।

[श्री रामजीवन सिंह]

किया हैं। परिवहन, संचार, शिक्षा, स्वास्थ्य समाज कल्याण आदि बहुत सारी मदों पर भी आपकी यह योजनाएं बनी हैं। मैं तो कहूंगा कि आप बहुत सारी मदों को समाप्त कर दें। कोई जरूरत नहीं है, इतनी सारी मदें रखने की। जब देश पर चीन का आक्रमण हुआ था तो उस समय हिन्दुस्तान में 262 करोड़ रुपया डिफेंस पर खर्च होता था। लेकिन जब विशेष परिस्थिति देश में उत्पन्न हुई तो बहुत सी मदों पर से खर्चा समाप्त कर के आपने 662 करोड़ रुपया डिफेंस पर खर्च करना शुरू कर दिया। उसी तरह आज भी हमारे देश में एक विशेष परिस्थिति पैदा हुई है। अपने देश में एक शान्तिपूर्ण क्रांति हुई है। अगर इस विशेष परिस्थिति का हमने लाभ नहीं उठाया और यह परिस्थिति विफल हो गयी तो अच्छा नहीं होगा। 1967 में क्या हुआ था? संविदवाद देश में शुरू हुआ था। कतिपय राज्यों में संविद की सरकारें बनी थीं। उस संविदवाद की जितनी सरकारें थीं वे दो महीने, चार महीने, 6 महीने -में ही गिरती गयीं और संविदवाद विफल हो गया। उस संविदवाद की विफलता से इस देश में नक्सलवाद पैदा हुआ। उसका अंजाम भुगत रहे हैं। एक बार फिर से जनता ने डेमोक्रेसी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की है। आज सवाल इस पक्ष का या उस पक्ष का नहीं है। सवाल जनतंत्र का है। आज सवाल है कि हम अपनी योजना के माध्यम से जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करें। नहीं तो जनता में जब क्रोध आयेगा तो स्थिति कहां तक पहुंच सकती है, कह नहीं सकता? आदमी डेस्प्रेट हो जाता है, कहीं उसे आशा की किरण दिखायी नहीं देती है तो वह अपनी जिन्दगी को जो कि दुनिया की सब से बहुमूल्य चीज होती है, उसको भी खत्म कर देता है। भूख से तड़पने वाला आदमी और क्या कर सकता है? बर्टेण्ड रसेल ने कहा था कि भूखे आदमी से कोई अगर पूछने जाये कि रोटी और जनतन्त्र में तुम किस को पसन्द करोगे तो इन्सान पहले रोटी को पसन्द करेगा बाद में जनतन्त्र को पसन्द करेगा। इसी दृष्टि से हमें सभी चीजों को देखना होगा। अगर हमने आज दीवार पर लिखी रेखाओं को नहीं पढ़ा तो फिर काम नहीं चलेगा। हमको इतिहास कभी माफ नहीं करेगा अगर हम उसको भूलेंगे। इसलिये में कहना चाहता हूं कि हम इस दृष्टि से सोचें।

आज यह कहा जाता है कि हमने इतनी बड़ी योजना बनायी है जितनी कि पहले कभी नहीं बनी थी। हमने इसमें इतनी राशि रखी है, हम इस मद में इतना रुपया खर्च करेंगे। मैं तो कहूंगा कि बड़ी राशि रखने से ही योजना बड़ी नहीं हो जाती है। हमने प्रथम योजना में 1960 करोड़ रुपया खर्च किया था, द्वितीय योजना में 7000 करोड़ पया तृतीय में 12767 करोड़ रुपया चतुर्थ योजना में 24882 करोड़ रुपया और पांचवी योजना में 53,350 करोड़ रुपया खर्च किया था। प्रथम योजना से द्वितीय योजना साढ़े तीन गुनी बड़ी थी, द्वितीय योजना से तृतीय योजना एक गुने से कुछ कम बड़ी थी, तृतीय योजना से चतुर्थ योजना दुगने से कुछ बड़ी थी और चतुर्थ योजना से पांचवी योजना भी दुगने से कुछ बड़ी थी। अब छठी योजना 1 लाख 16 हजार, 240 करोड़ रुपये की है। इसमें भी हम पांचवी योजना से दुगना ही खर्च कर रहे हैं। अगर योजना की राशि पर ही चला जाए तो में द्वितीय योजना को क्रांतिकारी योजना कहूंगा क्योंकि उसमें पहली योजना से करीब 350 प्रतिशत राशि अधिक खर्च की गयी थी। लेकिन क्या स्थिति हुई? इस लिये में कहूंगा कि योजना की राशि से योजना का बड़ा होना न माना जाए।

हमारे प्रधान मंत्री जी बड़े अच्छे सर्जन हैं। आपने मर्ज को पकड़ा है और आप उसका आप्रेशन करके इलाज करना चाहते हैं।

किन्तु जिस इन्स्ट्रूमेंट के द्वारा आप आप्रेट करेंगे वह स्टेरेलाइज्ड होना चाहिए। अगर नहीं होगा तो मरीज भी मर जाएगा और आप्रेशन भी फेल हो जाएगा। इस वास्ते जिस यंत्र के द्वारा आप योजना को लागू करना चाहते हैं अगर उस यंत्र को आपने ठीक नहीं किया तो कुछ नहीं हो सकेगा। मैं चाहता हूं कि आप रिसपांसिविलटी फिक्स करें। संतानम कमेटी ने भी कुछ सुझाव दिये थे। ए आर सी जिस के चेयरमैन हनुमन्तैया साहब थे उन्होंने भी कहा था कि प्रोमोशन का तरीका ठीक होना चाहिए, प्रोमोशन सिर्फ इस आधार पर नहीं दी जानी चाहिए कि उसकी लैंथ आफ सर्विस देखी जाय बल्कि उसका आधार होना चाहिए एफिशेंसी। जो राशि और जो समय तय किया जाय उसे उस राशि और उतने समय के अन्दर ही जो कार्य पूरा करता है उसी चीज को सब से बड़ी एफिशेंसी माना जाए। जो कम राशि और कम समय में पूरा करेगा तो उसको उससे अधिक एफिशेंट माना जाये। इस तरह की कोई चीज नहीं होगी तो फिर आपकी योजना सफल नहीं हो सकेगी।

आज स्थिति क्या है? हम पिछली योजनाओं को देखें। नागार्जुन सागर बांध योजना का उदाहरण आपके सामने रखना चाहता हूं। 1955 में यह योजना चालू की गई थी। योजना के अनुसार 8 लाख तीस हजार हैक्टर जमीन में सिचाई होगी यह लक्ष्य निर्धारित किया गया था। एस्टीमेट के मुताबिक 122 करोड़ रुपए इस पर खर्च होना चाहिए था। 1976 तक उस पर कुल दो सौ करोड़ व्यय हो चुका है और कम से कम 120 करोड़ रुपया और व्यय करने की आवश्यकता होगी, तब जा कर यह योजना पूरी होगी। इस तरह से काम चलेगा तो हमें सफलता नहीं मिल सकेगी।

नैशनलाइजेशन की मांग भी यहां की जाती है। हमने अपने देश के लिये मिश्रित अर्थ व्यवस्था को अपनाया है, मिक्स्ड इकोनोमी को अपनाया है। इसका प्रादुर्भाव-पश्चिम यूरोप में हुआ था। यूरोप में आउट-गोइंग कपिटलिज्म और इमर्जिंग सोशलिज्म दोनों ने अपना अस्तित्व कायम रखा है। मैं मानता हूं कि हमने अपनी पिछली चार योजनाओं में पब्लिक सैक्टर पर बहुत अधिक ध्यान दिया है। उस पर बहुत अधिक पैसा खर्च किया है। निजी क्षेत्र की तुलना में उन पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र का हिस्सा निरन्तर बढ़ता गया है और निजी क्षेत्र का शनैः शनैः कम किया जाता रहा है। पांचवीं योजना के अन्तिम रूप में अचानक निजी क्षेत्र में दस प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई। पहली योजनाओं में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन नहीं मिला फिर भी उसका वर्चस्व कायम रहा। पांचवीं योजना ने उसको और भी प्रोत्साहित किया। इसके बाद क्या स्थिति बनी इसको आप देखें। आज निजी क्षेत्र का वर्चस्व कितना अधिक हो गया है इसको आप देखें। आज देश में एक करोड़ से अधिक पूंजी वाली कम्पनियों की संख्या करीब 370 है जो कुल कम्पनियों की संख्या का मात्र करीब 22.3 प्रतिशत है किन्तु महत्वपूर्ण बात यह है कि कुल प्रदत्त पूंजी का 74.8 प्रतिशत, कुल परिसम्पत्ति का 70 प्रतिशत, कुल उत्पादित मूल्य का 65.3 प्रतिशत और कुल बिक्री का 65.6 प्रतिशत और कुल परिचालन मुनाफा अर्थात् अप्रेटिंग प्राफिट का 74 प्रतिशत निजी क्षेत्र में है। उसका वर्चस्व यहां तक है। भारी उद्योगों के क्षेत्र में पब्लिक सेक्टर में मजबूत नीव डाली है। पब्लिक सेक्टर के प्रादुर्भाव के बावजूद भी आन्तरिक बाजारों पर निजी क्षेत्र का आधिमूल्य है। वही सामान तैयार करता है और वहां बाजार में बेचता है। बहुत सामान सरकार द्वारा निजी क्षेत्र से खरीदा जाता है। इस सब का परिणाम यह हो रहा है कि निजी क्षेत्र पब्लिक सैक्टर को निगलता चला जा रहा है।

[श्री रामजीवन सिंह]

मैं अन्त में कुछ सुझाव दे कर खत्म करता हूं। पहला सुझाव मेरा यह है कि आप रिसपांसिबिलिटी को फिक्स कर दें। आप पब्लिक इनिशिएटिव और इनसैंटिव को जगाने का काम करें। योजना को आप पापुलराइज़ करें। जिस के लिए योजना बनी है उसको उसकी जानकारी होनी चाहिए। उसको जानकारी नहीं होगी तो कुछ विशेष हमारे हाथ नहीं लगेगा। खर्च की सीमा आप बांधें। इसको बांधे बगैर कुछ नहीं होगा। विलासित सामान, लग्जुरियस गुड्ज का उत्पादन कुछ वर्षों तक पूरी तरह से रोक दिया जाना चाहिए। बेकारी को खत्म करने के लिए वन मैन वन जाब आप नहीं करेंगे तो बेरोजगारी को खत्म करने में मदद नहीं मिलेगी।

अब मैं बिहार की स्थिति थोड़े शब्दों में बता कर खत्म करता हूं। आज बिहार प्रदेश देश का वह प्रान्त है जो देश को 41 परसेंट मिनरल्ज़ देता है, 25 परसेंट आयरन और देता है, 84 परसेंट कोकिंग कोल देता है। लेकिन उसकी स्थिपि यह है कि सम्पूर्ण भारत में जहां 110 किलोवाट औसत प्रति व्यक्ति बिजली की कंजम्पशन है वहां बिहार में केवल 84 किलोवाट ही है। देश के सम्पूर्ण इनरजाइज्ड पम्पों का मात्र 3.3 प्रतिशत बिहार में है। अस्पतालों में सारे देश में प्रति लाख 51 बड़े हैं, बिहार में मात्र 27 सारे देश में 32.33 प्रतिशत गांव इलैक्ट्रिफ़ाइड हैं, जब कि बिहार में केवल 24.52 प्रतिशत गांव इलेक्ट्रिफ़ाइड हैं। सारे देश में प्रति-लाख आबादी पर पक्की सड़कों की लम्बाई का औसत 98 किलोमीटर है, लेकिन बिहार में वह केवल 38 किलोमीटर है। सम्पूर्ण देश में 32 प्रतिशत लोग साक्षर हैं, जबकि बिहार में केवल 22 प्रतिशत लोग शिक्षित हैं। सम्पूर्ण देश में औसतन 44 प्रतिशत गरीबी रेखा क नीचे हैं, बिहार में 66 प्रतिशत।

उपाध्यक्ष महोदय, इस स्थिति का कारण क्या है, मैं यह बता कर समाप्त करता हूं। प्रथम योजना में दूसरे राज्यों में प्रति व्यक्ति औसत खर्च 39 रुपये था, जब कि बिहार में वह केवल 19 रुपये था। इसी प्रकार दूसरी योजना में दूसरे राज्यों में प्रति-व्यक्ति औसत खर्च 51 रुपये और बिहार में 42 रुपये, तीसरी योजना में दूसरे राज्यों में 97 रुपये और बिहार में 71 रुपये, चौथी योजना में दूसरे राज्यों में 128 रुपये और बिहार में 97 रुपये और पांचवीं योजना में दूसरे राज्यों में 337 रुपये और बिहार में 230 रुपये प्रति-व्यक्ति औसत खर्च किया गया। इस कारण यह क्षेत्र नेगलेक्टेड रहा है। उपाध्यक्ष जी, मैं अब समाप्त कर रहा हूं.....

MR. DEPUTY SPEAKER : You can never finish. You have a lot of material. I know that.

श्री रामजीवन सिंह : ऋण वितरण में भी यही हुआ। 1969 से 1974 तक तामिलनाडू, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र, इन पांच राज्यों में नेशनलाइज्ड बैंकों के द्वारा 62 प्रतिशत लोन दिये गये, केन्द्र-शासित क्षेत्रों में 13.7 प्रतिशत, यू० पी० में 4.8 प्रतिशत और बिहार में केवल 1.5 प्रतिशत ऋण दिये गये। इस स्थिति को देखते हुए सरकार बिहार को ज्यादा से ज्यादा रुपया विकास करने हेतु दे जिससे बिहार का पिछड़ापन दूर हो सके।

MR. DEPUTY SPEAKER : Shri D. N. Bosu. You have only ten minutes. Please see that you make your points within that time. At the end of ten minutes please do not ask for more time.

SHRI DHIRENDRANATH BASU (Katwa) : I thank you for giving me an opportuity to speak on this important document. This draft plan is a very

important document placed by our esteemed Prime Minister on the Table of the House on the 26th April.

In the draft Plan at pages 26-27 it will be seen that for the developmet of shipping and ports a sum of Rs. 625 crores has been provided for five years but the details or port-wise allocations have not been shown in the Plan nor have the infra-structures been shown. What about the development of the Calcutta port and its subsidiary the Haldia port ? As a matter of fact the Calcutta port and the Haldia port are on the verge of ruin for want of flow of Ganga water. As you know development of commerce and industry in the eastern region mainly depends on the Calcutta port but for want of regular flow of water steamers and ships cannot go to Calcutta port. This is due to the fact that the Farakka Agreement has been reached with Bangladesh on the understanding that India shall get 20,000 cusecs of Ganga water and the rest will go to Bangladesh as a result of which we cannot get sufficient water in the Hooghly river. I do not know whether the Government has a right to negotiate for increase in the supply of the Ganga water to Farakka from 20,000 to 40,000 cusecs for which we have already submitted our memorandum to our esteemed Prime Minister.

For energy, only a small amount has been provided, sufficient amount has not been provided in the draft Plan. If the Energy Minister does not get more funds, how can there be more generation of electricity ? Electricity generation has to be given the topmost priority. As a matter of fact, due to shortage of power, most of the industries are now in difficulties, and only 50 to 60 per cent of the capacity is being utilised. Our Prime Minister will also agree that even the capacity of Government undertakings is not being utilised properly. There have been answers by the Industry Minister and Energy Minister, to various questions that due to shortage of power, about 50 per cent capacity of Heavy Engineering Corporation cannot be utilised. As a matter of fact, some of the sections of the Steel Plants are still closed. 30 to 40 per cent of the capacity is being utilised there. It is mainly due to shortage of power. So, sufficient funds should have been provided in the Plan for electricity generation. I would like to given an example of Farakka Thermal Power Station. It has been hanging fire since long. But there is no mention of that in the Draft Plan. No money has been provided for it. How will the industries survive ? If the industries cannot survive, if even 60 per cent of the capacity of the industries cannot be utilised for want of power, then there will be more unemployment. Lakhs and lakhs of people have been laid off in various industries for want of power as a result of which it has become almost impossible to cope with the unemployment problem. So, I would urge to our Prime Minister to provide more funds for electricity generation so that industries could be run upto their full capacity and the employees are not made to suffer. Even two years back, the Heavy Engineering Corporation was running at a profit. How is it that this Government-run Corporation is now running at a loss ? It is due to mismanagement. It is due to shortage of power and this has to be solved.

आपको मालूम होगा कि यूथ कांग्रेस के 22 लाख रुपये किसी एक व्यक्ति के नाम से हरियाणा में जमा थे। हमारी सरकार बनने के बाद वह व्यक्ति पकड़ा गया। सी० बी० आई इस बारे में भी एनक्वायरी कर रही है कि कांग्रेस का फंड कैसे आया, किस तरह उस का दुरूपयोग और एमबैजलमेंट हुआ। जब हम यह मांग करते हैं कि पोलीटिकल पार्टियां इनकम टैक्स से फ्री हों, तो इन बातों को रोकने के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए।

हम यह भी चाहते हैं कि पोलीटिकल पार्टियों का पैसा एक सेक्रिड और पाक चीज होनी चाहिए, ताकि कोई आदमी उस का एमबैजलमेंट या दुरूपयोग न कर सके। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि राजनीति पर पैसे का इतना अधिक प्रभाव न हो। यह व्यवस्था करनी चाहिए कि हर एक पोलीटिकल पार्टी जब आडिटिड एकांउट्स दे, तो उस में यह भी दर्ज हो कि पैसा कहां से आया, किस ने दिया और किस ने कलेक्ट किया--उन सब के नाम आने चाहिएं, ताकि उस पैसे में एमबजलमेंट न हो सके।

संजय गांधी ने क्या किया? इन्दिराजी ने क्या किया? मैं आप को एक उदाहरण देना चाहता हूं। मैं ने एक सवाल पूछा था, जिस का फिनांस मिनिस्टर ने तीन दिन पहले जवाब दिया है। एक मि० भाटियां हैं। कांग्रेस--जो अब **कांगी** हो गई है--कि तरफ उन का सिर्फ टेंट का बिल करीब डेढ़ करोड़ रुपये का है, जो उन्होंने लिया। उन्होंने उस को एकाउंट्स में जमा भी नहीं किया। वह अपना बिल बढ़ा-चढ़ा कर देते थे और उस का कुछ पैसा अपने पास रखते थे और कुछ पैसा नेताओं को देते थे। सी० बी० आई० इस मामले की भी एनक्वायरी कर रही है। इन बातों की भी रोक-थाम होनी चाहिए। इस के लिए जरूरी है कि पैसा कहां से आया और कौन लाया, यह सब पब्लिक होना चाहिए, और ये एकाउंट्स आडिटिड हो कर लोगों के सामने आने चाहिएं।

सब मंत्रियों पर, चाहे वे राज्यों के मंत्री हों या केन्द्र के मंत्री, **बाई ला** यह पाबन्दी लगानी चाहिए कि वे पोलीटिकल पार्टियों के लिए फंड इकट्ठा न कर सकें। अगर हम ने अपने सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता लानी है, क्लीन एडमिनिस्ट्रेशन स्थापित करनी है, देश में ऐसा आदर्श रखना है कि राजनीति पर पैसे का प्रभाव न हो, तो यह जरूरी है कि जो लोग सत्ता में सीधे हैं चे डायरेक्टली या इन्डायरेक्टली किसी

तरह से भी पैसा इकठ्ठा न करें । तब तो मैं समझता हू कि जनता पार्टी तीस साल की जो गन्दगी है उस गन्दगी को दूर करने में कुछ हद तक कामयाब होगी ।

(i) एक इस में यह भी लाना चाहिए कि अगर कहीं पार्टी फंड का मिसयूज हो, एम्बैजलमेंट हो तो उस में भी कानून के अनुसार उस को सजा मिलेगी । चाहे वह किसी पार्टी का हो । यह भी उस में होना चाहिए । अभी साठे जी ने कहा कि संजय गांधी की सुप्रीम कोर्ट ने जमानत कैंसिल कर दी । लेकिन अभी तक उन को गिरफ्तार नहीं किया गया । पुलिस वालों ने कहा कि आज हम किसी वक्त गिरफ्तार करेंगे यह कानून के खिलाफ हैं । जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने उन की जमानत कैंसिल की थी उसी समय गिरफ्तार करना चाहिए था, कानून यह कहता है । कानून हर एक के लिए बराबर होना चाहिए । वह पुराना इतिहास नहीं दोहराया जाना चाहिए कि जब इन्दिरा गांधी को पकड़ने के लिए गए तो इन्दिरा गांधी ने क्या नाटक किया । पुलिस को उसी समय गिरफ्तार करना चाहिए । मैं यह नहीं कहता कि कानून के खिलाफ काम किया जाए । हम रूल आफ ला में विश्वास करते हैं । रूल आफ ला को हम मानेंगे । लेकिन उनको एकदम तिहाड़ जेल में ले जा कर रखना चाहिए था । हम भी वहां रहे हैं । एक ही महीना तो उन्हें वहां रहना है । सेशन फोर्ट में जैसे हमें लाया जाता था मैं चाहता हूं कि उसी तरह उनको भी लाया जाये । मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि वह गृह मंत्री से कहें, सदन की भावनाएं, उन के पास कन्वे की जानी चाहिए कि उन के साथ कानून के मुताबिक बर्ताव हो लेकिन कोई प्रेफरेंशियल ट्रीटमेंट नहीं देना चाहिए । जो उन्होंने जुर्म किया है उस जुर्म के हिसाब से भी क्लास तो शायद उन्हें मिलेगी नहीं क्योंकि ग्रेज्युएट तो वह हैं नहीं । उस हिसाब से तो बी क्लास नहीं मिल सकती । लेकिन शायद वह इन्कमटैक्स देते हों तो भी बी क्लास मिल सकती है । खैर, वह तो मजिस्ट्रेट तय करेगा । लेकिन कोई प्रेफरेंशियल ट्रीटमेंट नहीं होना चाहिए और अननेसेसरी हरेसमेंट भी नहीं होना चाहिए ।

(ii) मेरा कहना यह है कि यह जो पोलिटिकल पार्टी के पैसे का एम्बैजलमेंट और मिसयूज है, उस पर जनता पार्टी अब रोक लगा दे और मंत्रियों पर भी यह रोक लगनी चाहिए कि वह पैसा इकट्ठा न करें । एक चीज की मैं इस में अपवाद भी करना चाहता हूं । अगर आज जनता पार्टी इन्वेस्टमेंट कर के इन्कम करती है मूवेबल प्रापर्टी या इम्मूवेबल प्रापर्टी से तो उस पर तो एग्जम्पशन होना चाहिए लेकिन अगर कोई पोलिटिकल पार्टी बिजनेस करने लगे, मान लीजिए कि जनता पार्टी हुकूमत में है, हमें अपनी पालिसी मालूम है, कोई एक्सपोर्ट इम्पोर्ट का काम करने लगे प्राफिट मोटिव से तो उस में एग्जम्पशन नहीं होना चाहिए । किसी ट्रेड का काम कोई भी पोलिटिकल पार्टी करे तो वह एग्जम्पशन में नहीं आना चाहिए । हां, जो डोनेशन से पैसा आए चाहे मेम्बर से हो या नान-मैम्बर से हो, या इन्वेस्टमेंट से हो मूवेबल या इम्मूवेबल प्रापर्टी के, वह एग्जम्पट होना चाहिए ।

एक माननीय सदस्य : पोलोटिकल पार्टी बिजनेस भी करती है ?

श्री कंवर लाल गुप्त: करती है । आप की पार्टी ने किया । अगर मुझे आज्ञा दें तो मैं बता सकता हूं ।

16.00 hrs.

एक चीज की मांग मैं और माननीय मंत्री जी से करूंगा कि काम्प्रीहेंसिव बिल लाने से पहले एक सिस्टेमेटिक स्टडी करें।

I want to suggest to the Minister that he should make a scientific study of the whole problem, how to utilize the funds of a political party properly, how should they collect it, how should them to utilize

[श्री कंवर लाल गुप्ता]

it and see to it that there is no embezzlement or misuse of money by any person, whomsoever it may be, highest or lowest. so, a proper study should be made, keeping in view the experience of the last 18 months in particular.

और उसको दृष्टि में रखते हुए मंत्री महोदय बिल लायें। किस तरीके से मंत्रियों ने और प्रधान मंत्रियों ने पार्टी के नाम से पैसा लिया है वह तो आपको मालूम ही है। मंत्री लोग जब पैसा लेते हैं तब यही कहते हैं कि पार्टी के लिए जरूरत है। पार्टी के नाम से ही सारी खुराफात होती है। वे यह कभी नहीं कहते कि मुझे पैसे की जरूरत है, अपनी जेब के लिए पैसे की जरूरत है बल्कि वे कहते हैं पार्टी के लिए चाहिए, एलेक्शन के लिए चाहिए, पार्टी के रोज़ रोज के खर्चे के लिए चाहिए। पार्टी के नाम से ही वे सारा पैसा इकट्ठा करते हैं। इसलिए मैंने कहा कि क्लीन एडमिनिस्ट्रेशन के लिए, पोलिटिकल लाइफ पर पैसे का प्रभाव न हो, इसके लिए हमें पाबंदी लगानी चाहिए कि किसी भी सर्कम्सटांस पर मंत्री लोग पैसा इकट्ठा न करें।

ट्रेड यूनियन की इनकम पर टैक्स एग्ज़म्शन है इसलिए अगर पोलिटिकल पार्टी को भी एग्ज़ेम्ट कर देंगे तो दोनों [illegible] जायेंगे। जब ट्रेड यूनियन की इनकम पर टैक्स नहीं लगता तो मैं समझता हूं पोलिटिकल पार्टी की इनकम पर भी नहीं लगना चाहिए। मैंने सुना है--पता नहीं कहां तक सही है--कि सरकार ने इस बारे में कुछ विचार किया है और शायद सरकार इससे सहमत भी है, मंत्री महोदय इसको बतायेंगे लेकिन सरकार ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है।

एक बात मैं कहना चाहूंगा कि चुनाव के दिनों में अगर पैसे के प्रभाव को कम रखना है तो जो कम्पनीज़ के ऊपर डोनेशंस और एडवर्टीज़मेन्ट पर पाबन्दी है वह रहनी चाहिए, उसको हटाना नहीं चाहिए। क्योंकि अगर कंपनीज़ पर पाबंदी नहीं रही तो शेयर-होल्डर्स का करोड़ों रुपया इस तरीके से पोलिटिकल पार्टीज़ में जायेगा और उसका दुरुपयोग होगा। इसलिए यह जो व्यवस्था है वह बनी रहनी चाहिये।

इससे ज्यादा कुछ और न कहते हुए, मेरे जो दो तीन सुझाव हैं, मैं चाहूंगा उन पर मंत्री जी अपने विचार रखें। एक बात तो मैंने कही है कि स्टडी करके एक कांप्रिहेंसिव बिल लाना चाहिए, दूसरे मंत्री लोग किसी भी हालत में पार्टी के लिए पैसा इकट्ठा न करें--इस पर पाबंदी लगनी चाहिए और जो लोग पोलिटिकल फंड्स का मिसयूज़ करते हैं उनको सज़ा मिलनी चाहिए। यह भी प्रावधान हो कि पोलिटिकल पार्टी की इनकम पर टैक्स एग्ज़ेम्शन होगा। इन शब्दों के साथ मैं यह विधेयक पेश करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Income-tax Act, 1961, be taken into consideration."

श्री युवराज का मोशन है, वे मूव करना चाहते हैं? वे उपस्थित नहीं हैं।

श्री सुरेन्द्र झा सुमन का भी मोशन है--वे भी नहीं हैं।

डा० रामजी सिंह: आपके अमेन्डमेन्ट क्लाजेज़ पर हैं । आप बोल लीजिए ।

डा० रामजी सिंह (भागलपुर) : सभापति महोदय, अभी हमारे मित्र कंवरलाल गुप्त जी ने इनकम टैक्स के संशोधन के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव रखा है और उसके बाद जो उन्होंने कुछ भावनायें व्यक्त की हैं उसके तो मैं साथ हूं लेकिन जैसा वे स्वयं स्वीकार करते हैं कि यह बिल अत्यन्त अपर्याप्त है और इस बिल को प्रस्तुत करने में उनका केवल एक ही उद्देश्य था कि सरकार एक कांप्रिहेंसिव बिल लाये जिसमें और बातों की भी चर्चा हो । जब हम इनकम टैक्स की बात करते हैं, उससे राजनीतिक दलों को मुक्ति देने की बात करते हैं तो हमारे सामने एक संशय भी उपस्थित हो जाता है । एक तो देश में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि भ्रष्टाचार ही देश में शिष्टाचार बन गया है और यह भी सत्य है कि भ्रष्टाचार की गंगोत्री राजनीति है । जब तक राजनीति में भ्रष्टाचार का निराकरण नहीं होगा, तब तक प्रशासनिक भ्रष्टाचार या व्यावसायिक भ्रष्टाचार का भी निराकरण नहीं हो सकता है ।

आज प्रातः काल ही हम लोगों ने देखा—बिरला घराने पर जो आय-कर बाकी है, आज वर्षों से उस के ऊपर अनुसन्धान चल रहे हैं, लेकिन पिछले 30 वर्षों की राजनीति में संरक्षण देने के कारण आज बिड़ला के यहां जनता का जो करोड़ों रुपया बाकी है, वह वसूल नहीं हो पाया है । इसलिये यह आवश्यक है—यदि हम भ्रष्टाचार का निर्मूलन करना चाहते हैं तो उसकी शुरुआत हमें राजनीतिक जीवन से करनी होगी । इस के लिये जैसा हमारे माननीय मित्र श्री कंवर लाल गुप्त ने कहा है—मेरा संशोधन भी इसी प्रकार का है—राजनीतिक दलों को भी अपना हिसाब किताब रखना चाहिये—यह उचित ही है । आज अन्य सब के ऊपर नियन्त्रण है, व्यावसायिक संस्थाओं को न केवल हिसाब-किताब रखना पड़ता है, बल्कि आडिट भी कराना पडता है, लेकिन राजनीतिज्ञों पर कोई नियन्त्रण नहीं है । यही कारण है कि राजनीतिक में हिसाब-किताब के सम्बन्ध में जो स्वेच्छाचारिता है, उसके कारण ही राजनीति में इतना भ्रष्टाचार होता है और इसी राजनीतिक भ्रष्टाचार के कारण व्यापारियों से करोड़ों रुपया वसूल किया जाता है ।

मैं किसी विशेष दल के सम्बन्ध में यह बात नहीं कह रहा हूं लेकिन इन भावनाओं को दृष्टि में रखते हुए, जैसा मुझे मालूम है, किसी सम्मानित सदस्य ने एक बिल भी यहां पर उपस्थित किया है, जिसमें इस बात का प्रावधान किया गया है कि राजनीतिक दलों के हिसाब-किताब को भी दूसरी संस्थाओं के हिसाब किताब की तरह पाक साफ रहना चाहिये और लोगों के सामने सार्वजनिक अवलोकन के लिये पेश किया जाना चाहिए । जहां तक इस इन्कमटैक्स बिल का सवाल है, सभापति महोदय, आप को मालूम है—27 अप्रैल, 1961 को ही यह इन्कमटैक्स बिल हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी यहां लाये थे, उसके बाद 10-8-1961 को इसे सिलेक्ट कमेटी में भेज दिया गया, 18-8-1961 को फिर इसे सदन में प्रस्तुत किया गया, उस समय भी इस पर चर्चा हुई थी कि क्या स्वयंसेवी संस्थाओं को जो पैसा दिया जाता है, उसमें छूट दी जानी चाहिये या नहीं । सिलेक्ट कमेटी में हमारे मसानी साहब ने एक नोट आफ डिसेंट दिया था । जैसा हमारे कंवरलाल गुप्ता जी ने भी कहा है— राजनीतिक दलों का काम लोगों को लोक शिक्षा देना है, इसलिये उन पर कोई कर नहीं लगना चाहिये । इसी प्रकार से जब इन्कम टैक्स में छूट देने की बात हुई थी तो हमारे मसानी साहब ने यह कहा था

[डा० रामजी सिंह]

कि यह छूट दी जानी चाहिये, उन पर कोई टैक्स नहीं लगना चाहिये : "We cannot legistlate people into goodness. We cannot take them into rationalisation."

मेरे कहने का मतलब यह है कि यदि हम राजनीतिक दलों को छोड़ देते हैं, उन्मुक्त कर देते हैं तो उस से सब प्रकार के भ्रष्टाचार पैदा होंगे। इसलिये मैं तो यह समझता हूं—पहले इस बात पर विचार कीजिये कि राजनीतिक दलों की किस इन्कम को, कौन सी आय को छूट मिलनी चाहिये। अपने देश में तो ऐसे ऐसे राजनीतिक दल हुए हैं जो एक एक चुनाव में 27–28 करोड़ रुपया ऐठतें हैं—क्या ऐसे राजनीतिक दलों को छूट देंगे ? अगर कोई दल पूंजी इकट्ठी करके कोई आलीशान इमारत बना ले, तो इससे जो निहित स्वार्थ निकलता है, उस पर नियन्त्रण नहीं रह जायगा ऐसी स्थिति में राजनीतिक दल भी जमीदारों की तरह से, धन्ना सेठ हो जायेंगे और उससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा।

इसलिये मैं चाहूंगा कि हमारे सम्मानित सदस्य—माननीय कंवर लाल जी अपने इस बिल के सम्बन्ध में मेरा जो संशोधन है, उस को स्वीकार कर लें तो शायद उन की भावना का और ज्यादा आदर होगा।

मैंने कहा है :

"Provided that this Bill not to be applicable...."

MR. CHAIRMAN: That will come at the stage of clauses.

डा० रामजी सिंह : इसलिए मैंने यह चीज उनके सामने रखी है। यह जो इन्कम टैक्स (एमेंडमेंट) बिल गुप्ता साहब का है, वह स्वयं अनुभव करते हैं कि यह अत्यन्त अपर्याप्त है और खास कर राजनीतिक दलों के संदर्भ में जब एक बिल लाना ही है तो एक अच्छा बिल लावें। यह बात ठीक है कि उन्होंने कहा है कि ट्रेड यूनियन संस्थाओं को आयकर नहीं लगता है, तो जब ट्रेड यूनियन संस्थाओं को नहीं लगता है तो क्या राजनीतिक दल कोई अछूत हैं उन को लगना चाहिए। उन को यह तर्क ठीक है। (व्यवधान) .... मैंने दूसरे भाव में यह कहा है, घृणा के भाव से नहीं कहा है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि ट्रेड यूनियन की जो बात उन्होंने कही वह ठीक है लेकिन हम लोगों ने भी देखा है और सार्वजनिक जीवन का जो हमारा छोटा सा अनुभव है, उस के आधार पर मैं कह सकता कि चाहे ट्रेड यूनियन संस्था हो चाहे राजनीतिक दल हो, अगर इन की आमदनी और खर्चे पर और इन के हिसाब-किताब पर कोई नियंत्रण न हो, तो भारत वर्ष को भ्रष्टाचार से कोई बचा नहीं सकता हम तो देखते हैं कि जब चुनाव होते हैं तो मुख्य मंत्री जो होते हैं वे लोगों से कहते हैं कि तुम 10,000 रुपये ले लो और तुम 10,000 रुपये ले लो और यह काम करो। इस प्रकार के वातावरण में, राजनीतिक भ्रष्ट वातावरण में हम अगर सदाचरण की कल्पना करें तो यह बिल्कुल बेकार है। इसलिये यह परम आवश्यक है कि हमें राजनीतिक दलों पर नियत्रण रखना चाहिए। सदाचार और भ्रष्टाचार नियंत्रण की शिक्षा दूसकों के लिये हो और मेरे लिए न हो, यह चीज नहीं होनी चाहिए। अगर हम चाहते हैं कि सदाचरण का पालन करें, आयकर की चोरी न करें और अपना हिसाब-किताब दुरुस्त रखें तो राजनैतिक दलों को आगे बढ़ कर अपनी आचार सहिता को न केवल प्रस्तुत ही करना होगा बल्कि उन को अपने आप को बने हुए नियमों और कानून में भी आबद्ध रखने के लिए तत्पर रहना होगा। इसलिए इन्कम टैक्स बिल के सम्बन्ध में उस समय जो बहस हुई थी, उस में सारी बातों पर विचार विमर्श किया गया था। इसीलिए क्लाज, 11, 13, और 215 में यह कहा गया है :

"The group of clauses relating to the income of charitable institutions, that is, clauses 11 to 13 of the Bill and

clause 215 defining charitable purpose received considerable thought. These clauses give effect to the recommendations of the Tyagi Committee that if any trsut accumulated its funds in excess of 25 per cent of its income in any year, the excess should be brought to tax.

तो जब हम स्वयंसेवी संस्थाओं की आमदनी पर नियंत्रण रखना चाहते हैं, तो राजनीतिक दल करोड़ों करोड़ रुपया ले कर अगर कोई पूंजी का निर्माण करें और उस से देश में निहित स्वार्थों की स्थापना करें, तो उस पर कोई अंकुश न रखना यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना होगा। इसलिए हम आपसे निवेदन करेंगे और इस सम्बन्ध में आप के माध्यम से गुप्ता जी से निवेदन करेंगे कि वे इस बिल को सलेक्ट कमेटी में भेजें और उस के बाद वहां पर जैसा उन का सुझाव है सरकार एक काम्प्रीहैंसिव बिल लावे जिस में राजनीतिक दलों की भी बात हो। मैं यह नहीं चाहता हूं कि राजनीतिक दलों का जो कार्य है राजनीतिक शिक्षण देना, जनता को शिक्षित करना जनतंत्र में और नागरिकता में, उसमें वे चूकें। लेकिन उस के बहाने आया राम, गया राम के व्यापार में राजनीतिक दल अपने को लिप्त नहीं करेंगे। इस पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। अगर सरकार भ्रष्टाचार निवारण के लिए सचमुच में कटिबद्ध है और जल्दी से जल्दी इसे करना चाहती है तो वह इसी सत्र में दल बदल पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक लाये। वह केवल यही विधेयक न लाये बल्कि राजनीतिक दलों को अपनी आमदनी और खर्च का हिसाब रखने पर भी बाध्य करे। उनको बाध्य करने वाला कानून भी यहां लाये। इतना ही नहीं राजनीतिक दल का कोई भी सदस्य हो, कोई भी नेता हो, उसकी क्या आमदनी है, उसके क्या असेसट् हैं, उनको प्रकट करने का भी कोई कानून होना चाहिए। हम देखते हैं कि राजनीति में जो लोग प्रवेश करते हैं, या राजनीति में आते हैं तो उन से लोग पूछते हैं कि आपके पास गाड़ी है कि नहीं? वे ऐसा सोचते हैं कि अगर कोई एम० पी० हो जाता है तो उस के पास सब कुछ हो जाता है। यह क्यों होता है? लोगों की जो राजनीति में प्रवेश करते हैं, उनकी सचमुच में यह आकांक्षा होती है कि राजनीति में प्रवेश करते ही उन्हें कुबेर का खजाना मिल जाए। वे समझते हैं कि उन्हें सारे लोगों की शक्ति मिल गयी है। हमें इन चीजों पर भी चोट करनी होगी तभी हम भ्रष्टाचार का निवारण कर सकेंगे। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक दल का प्रत्येक व्यक्ति अपनी आमदनी और लाएब्लिटी एवं असेट्स की घोषणा करे और किसी भी व्यक्ति को यह अधिकार हो कि वह उसकी इन बातों को देख सकें। जब तक हम राजनीतिक दलों के प्रत्येक व्यक्ति को सचमुच में कानून के कटघरे में खड़ा नहीं करेंगे, जब तक राजनीतिक दलों के आय और व्यय को सार्वजनिक दर्पण में नहीं रखेंगे तब तक राजनीति में भ्रष्टाचार की गुंजाइश रहेगी और जब तक राजनीतिक में भ्रष्टाचार की गुंजाइश रहेगी तब तक व्यापारियों का भ्रष्टाचार भी चलता रहेगा, प्रशासनिक भ्रष्टाचार भी चलता रहेगा।

इन शब्दों के साथ मैं अपने सम्मानित मित्र गुप्ता जी से आग्रह करूंगा कि वे इस बिल के विषय में पुनः विचार करें और एक कम्प्रीहेंसिव बिल लावें जिससे कि राजनीतिक भ्रष्टाचार समाप्त हो सके और राजनीतिक दलों को अवैध धन न प्राप्त हो सके।

श्री हुकम देव नारायण यादव (मधुबनी): सभापति जी, यह जो विधेयक आया है, उस पर बोलते हुए मैं यह कहूंगा कि राजनीतिक पार्टी एक निर्गुण चीज है। असल में सगुण क्या चीज है? सगुण चीज उस पार्टी में काम करने वाले, उसके कार्यकर्ता, उसके नेता हैं जिनके जरिए से पार्टी की सारी नीति का निर्धारण होता है, पार्टी का संचालन होता है। राजनीतिक पार्टी में जो पैसा आये, उस पर कर लगे या न लगे, यह उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि किसी भी राजनीतिक पार्टी को चलाने वाले लोगों का

[श्री हुकम देव नारायण यादव]

आचरण , व्यवहार, कारोबार महत्वपूर्ण है। यह चीज इसके दायरे में आनी चाहिए। डा० राम मनोहर लोहिया जैसे विद्वान ने एक जगह पर लिखा है कि मंच पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बातें क्रांतिकारी हुआ करती हैं। मंच पर कही गयी उनकी बातों से उनको न परखा जाए, बल्कि मंच से उतर कर उनका जो आचरण है, उसको परखा जाए। यह देखा जाए कि वह कहां रहता है, कहां सोता है, क्या खाता है, किससे दोस्ती करता है, उनके अनुसार यही चीजें किसी नेता के आचरण को परखने का आधार होनी चाहिए। यह एक बुनियादी सवाल है । पहले राजनीतिक पार्टियों के पास पैसा है, उन पर कर नहीं लगा है । फिर जनता पार्टी यह काम करने को कैसे तैयार हो जाएगी कि राजनीतिक पार्टियों के पास पैसा आवे और वह करमुक्त न हो जावे । अब तक कानून के रहते हुए भी किस राजनीतिक दल ने टैक्स नहीं दिया है ? ऐसा कानून है लेकिन किसी ने टैक्स नहीं दिया है । ये दोनों बातें देश में चल रही हैं। दूसरी तरफ सरकार के जरिए यह भी किया जा रहा है कि हिन्दुस्तान में एक स्मारिका कांड में एक पार्टी ने तीन करोड़ रुपया जमा कर लिया, इस कांड में तीन करोड़ रुपया राजनीति की सत्ता के सर्व प्रमुख स्थान पर बैठी हुई ने हिन्दुस्तान के व्यापार का संचालन करने वाले एक नम्बर के आदमी बिड़ला से तीन करोड़ रुपया ले लिया। राजनीति की एक नम्बर की कुर्सी, प्रधान मंत्री, व्यापार की एक नम्बर की कुर्सी श्रीमान बिड़ला ये दोनों एक ही स्मारिका केस में मुजरिम होते हैं। मैं छोटे मोटे लोग छोटे मोटे भुगते जो होते हैं उनके साथ उनकी बात नहीं करता हूं। इस तीन करोड़ पर कितना आयकर सरकार को दिया गया, कुछ नहीं । राजनीतिक दल जो पैसा एकत्र करते हैं उसका संचालन कैसे होता है अगर यही देखें और इसको ठीक आप कर दें तो भारत की राजनीति परिमार्जित हो सकती है । जब तक वह परिमार्जित नहीं होगी देश से भ्रष्टाचार का अन्त नहीं होगा । तब तक भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात करना निरी मूर्खता होगी। सब से बड़ी भ्रष्टाचार की जननी राजनीति है । इसी के गन्दे कूड़े पर भ्रष्टाचार के कीड़े जन्मते और पनपते हैं और विकसित होते हैं । अगर राजनीति शुद्ध हो जाए, पवित्र हो जाए तो फिर हिन्दुस्तान में से भ्रष्टाचार बिल्कुल समाप्त हो जाए ।

घूस लेने के कितने नाम हैं इसको आप देखें । दारोगा जी के पास जाए तो हमारे यहां बिहार में घूस नहीं मागेंगा, कहेगा सलामी लाए हो । कोर्ट में पेशकार घूस नहीं कहेगा, कहेगा पेशी दीजिएगा । किसी बड़े हाकिम के पास जाएं तो घूस नहीं मांगी जाएगी, कहा जाएगा कि कुछ डाली ला हो यानी कुछ नजराना उनको पहुंचाया जाए। राजनीतिक दल घूस नहीं मागते । उनकी घूस होती है चन्दा। घूस के अनेक नाम हैं। कहीं चन्दा घूस का नाम है, कहीं नजराना कहीं पेशी, कहीं सलामी। इस तरह से उसके अनेकों नाम हैं ।

जो राजनीति चलाने वाले होते हैं और जो सत्ताधारी दल होता है उस पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आती है। पैसा बटोरने के उसके पास अनेक यंत्र और अनेक साधन होते हैं। मेरे जैसा साधारण आदमी, गांव का गरीब आदमी अगर बेईमानी करना चाहे तो एक दो रुपए की बेईमानी कर सकता है लेकिन अगर कोई मंत्री बेईमानी करना चाहे तो बिना किसी को पता लगे, बिना ज्यादा मेहनत किए, केवल कलम की नोक से एक शून्य घटा बढ़ा देने से हजारों लाखो का मामला निपटा सकता है। जहां एक बिन्दु, एक शून्य, एक डैसीमल से इतनी बड़ी रकम की बात उठती है वहीं राजनीति को पवित्र करना भी हमारा सब से बड़ा कर्तव्य हो जाता है ।

डा० रामजी सिंह ने प्रश्न उठाया है कि केवल पार्लियामेंट के सदस्य ही नहीं, विधान सभाओं के सदस्य ही नहीं बल्कि आपको सोचना चाहिए कि किसी भी राजनीतिक दल के पद पर आसीन व्यक्ति, अध्यक्ष हो, सचिव हो या उसकी कार्य समिति का सदस्य है, सब की सम्पत्ति के बारे में, सब के पास धन के बारे में जानकारी लेने का अधिकार आपके पास होना चाहिए। सत्ताधारी दल का कोई व्यक्ति अध्यक्ष बनता है, सचिव बनता है, कार्य समिति का सदस्य बनता है तो क्या उसका प्रभाव अपनी सरकार पर कम रहता है। हम लोग राजनीति के अन्दर बचपन से ही रहे हैं, उसी में हम पले हैं। ग्राम पंचायत के मुखिया से ले कर विधान सभा के सदस्य और अब यहां लोक सभा के सदस्य हैं। गांवों में साधारण पद से यहां तक आ कर हमने देखा है और जब मैं विधान सभा का सदस्य था उस समय भी मैंने कहा था—मैंने, माननीय श्री राम जीवन सिंह ने तथा औरों ने भी श्री जय प्रकाश नारायण के आह्वान पर विधान सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था—कि हम लोग फटे हाल हैं, खाया पीया बराबर है, कुछ भी पास में बचा नहीं है, लेकिन कई लोग हैं जिन्होंने लाखों की सम्पत्ति पाटना से बना ली है, जिन की लाखों की जायदाद आज भी पटना के शहर में विराजमान है। उन के बड़े बड़े मकान हैं। वे कहां से आये? मैं लोक सभा का एक सदस्य हूं और दूसरे भी लोक सभा के सदस्य हैं। लेकिन अगर वे बड़े होटलों में ठहरते हैं, बड़ी बिल्डिंग में रहते हैं, बड़ी अच्छी सवारी करते हैं, उन के बड़े ठाट-बाट हैं, तो क्या दुनिया इस को देखती है या नहीं? भले ही हम दुनिया को मूर्ख बनाना चाहें, मगर हम भूल जाते हैं कि हम दुनिया को दो आंखों से देखती हैं। जबकि दनिया हमें करोड़ों आंखों से देखते हैं, दो आंखो से देखने में कभी गलती हो सकती है; लेकिन करोड़ों आंखें कभी धोखा नहीं खा सकती हैं, चाहे कोई मंत्री हो, चाहे कोई किसी दल का नेता या पदाधिकारी हो।

हमारे देश में राजनेता, नौकरशाह और व्यापार, इन तीनों के भ्रष्टाचार का संयोग रहा है—इन तीनों ने मिल कर देश में भ्रष्टाचार का अड्डा जमाया है। राजनेता से संरक्षण मिलता है व्यापार और नौकरशाह को, और व्यापारी तथा नौकरशाह अपने को संरक्षण देने वाले के प्रति उसी तरह से स्वामीभक्त होते हैं, जैसे कोई ऐलसेशन कुत्ता अपने स्वामी का भक्त होता है—इतनी बड़ी उन की स्वामीभक्ति होती है, यह सिद्ध हो चुका है।

राजनैतिक दलों के चंदे संग्रह किए जाते हैं, वे कहां से लिये जाते हैं? चुनावों में जो खर्च किए जाते हैं, वे कहा से खर्चे किये जाते हैं? चुनाव में लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। पीपल्ज रिप्रेजेन्टेशन एक्ट के मुताबिक चुनाव में 33,000 या 35,000 रुपए से ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता है। सभी लोग जब चुनाव-खर्च की रिटर्न दाखिल करते हैं, तो वे खर्च को 33,000 रुपए से कम दिखाते हैं, क्योंकि कानून की पाबन्दी है। अगर वे ज्यादा दिखायें, तो उन का चुनाव अवैध ठहराया जा सकता है। लेकिन क्या यह ईमानदारी की बात है कि सब लोग 33,000 रुपये सब 35,000 रुपए के अन्दर ही चुनाव जीत कर आते हैं? सच्चाई कुछ और है, ईमान की बात कुछ और है, कानून अपनी जगह कुछ और है।

अगर हम बिड़ला, टाटा या डालमिया को नियंत्रित करना चाहते हैं, तो उन्हें कहां से नियंत्रित किया जायेगा। कई बार यह प्रश्न उठाया जाता है कि बिड़ला के विरुद्ध बरसों से एनक्वायरी बैठी हुई है, लेकिन उस का कोई नतीजा नहीं निकला है। मुर्गी को फांसा गया है, लेकिन वह कोई अंडा नहीं दे रही है। बिड़ला जी के बारे में जांच करने के लिए आयोग बैठा हुआ

[श्री हुकम देव नारायण यादव]

है, लेकिन अभी तक उस जांच का कोई नतीजा नहीं निकला है, बल्कि उस आयोग पर करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है।

जब से देश आजाद हुआ है—1947 से लेकर अब तक के बिड़ला जी के खाते को अगर देखा जाये, तो उसमें देश के बड़े से बड़े राजनेताओं के नाम दर्ज होंगे--उस में लिखा होगा कि किन को उन्होंने कितना पैसा दिया, किस पोलीटिकल पार्टी को कितना पैसा दिया। जब हिन्दुस्तान का पूंजीपति हिन्दुस्तान की राजनीति को बंधक रखता है, जब हिन्दूस्तान की राजनीति हिन्दुस्तान के पंजीपति के यहां कैद हो, तब अगर पोलीटिकल पार्टियों पर नियंत्रण नहीं रखा जायगा, तो वह राक्षस या अजगर को अनियंत्रित छोड़ देने के समान होगा।

इसलिए मैं बड़ी विनम्रता के साथ श्री कंवर लाल गुप्त से निवेदन करूंगा कि अगर जनता सरकार उनके इस विधेयक को स्वीकार करना चाहे भी, तो हम लोग कहेंगे कि यह जनता सरकार के नाम पर कलंक होगा। जिस सरकार को हम भ्रष्ट, दिशाहीन, दृष्टिहीन और पूंजीपतियों की संरक्षक संरकार कहते थे, जिस सरकार को हम सम्पूर्ण भ्रष्टाचार जननी कहते थे, उस सरकार ने कम से कम दिखावे के लिए पोलीटिकल पार्टियों पर नियंत्रण लगाया था। लेकिन अगर आज हम जनता पार्टी वाले, जो भ्रष्टाचार का समूल नाश चाहते हैं, भ्रष्टाचार का अन्त करना चाहते हैं, यह कहते हैं कि राजनैतिक दलों को जो चंदा मिलता है, उसको कर मुक्त टैक्स फ्री, कर दिया जाये, तो यह उचित नहीं है। बल्कि, यह साफ जाहिर होना चाहिए कि कोई राजनैतिक दल जो पैसा इकट्ठा करे, वह उसे बैंक में जमा करे, उस के थ्रू ही निकले और खर्च करे। राजनैतिक दलों पर यह नियंत्रण लगाने से उन्हें यह हिसाब देना पड़ेगा कि उन के पास कितना पैसा आया कहां से आया, कहां कहां खर्च किया और कितना खर्च किया। जब हिन्दुस्तान के समाज सेवी संगठनों और अन्य संगठनों पर टैक्स लगता है, तो राजनैतिक दलों को क्यों बरी किया जाये? राजनैतिक दल को छोड़ दिया जाय इसलिए कि आज जनता पार्टी पावर में आई है, जनता पार्टी की सरकार बनी है? राजनैतिक दल को जो चन्दा मिलता है उस पर से टैक्स का अन्त कर दिया जाय इसलिए कि जनता, यह समझे कि जनता पार्टी की सरकार बनी है, यह पैसा इकट्ठा करना चाहते हैं यह पार्टी चाहती है कि करोड़ों करोड़ रुपया इकट्ठा करे जिस का कोई हिसाब न देना पड़े इसीलिए इसको कर मुक्त कर दिया जाय? यह जनता पार्टी के ऊपर सब से बड़ा इल्जाम होगा। जनता इसी दृष्टि से देखेगी इस बिल को, हम और आप चाहे कोई दृष्टि दे लें वह उस से चलने वाली नहीं है। इन शब्दों के साथ जो कंवर लाल जी का विधेयक है मैं उस का विरोध करता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि इस विधेयक को सरकार स्वीकार न करे। राजनैतिक दल के ऊपर, राजनैतिक दल के संचालक जितने लोग हैं, राजनैतिक नेता जितने लोग है, चाहे वह विधान मंडल या संसद के सदस्य हों या न हों, राजनैतिक दल के अन्दर गांव से लेकर दिल्ली तक किसी भी पद पर पदाधिकारी हों उन की भी सम्पत्ति की जांच होनी चाहिए, ऐसा विधेयक बने तब कहीं काम चल सकता है और देश से भ्रष्टाचार को मिटाने का जो काम है वह मजबूती से किया जा सकता है। वरना भ्रष्टाचार हम लाख कहेंगे मिटाने के लिए वह नहीं मिट सकता है। हम दुनिया से भ्रष्टाचार को मिटाने चलें लेकिन जो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाले हैं वे

स्वयं अपने ऊपर अंकुश न लगाएं तो कैसे काम चल सकता है ? हम तो चाहते हैं कि दुनिया पवित्र हो जाय लेकिन मुझ पर कोई उंगली न उठाए, हम तो सब की बात कहें, मेरी बात कोई न कहे, हम सब की आलोचना करें, मेरी आलोचना कोई न करे, हम सब को भ्रष्टाचारी कहें लकिन कोई मुझे भ्रष्टाचारी कहे तो संसद् के विशेषाधिकार की गिरफ्त में आ जाय, यह इतनी बड़ी महत्वाकांक्षा जहां रहेगी वहां देश से भ्रष्टाचार नहीं मिटेगा । इसलिए भ्रष्टाचार का अन्त करने के लिए इस विधेयक का विरोध होना चाहिए और राजनैतिक दल, राजनैतिक दल के लोग इन तमाम लोगों को नियंत्रित करने के लिए कड़े से कड़ा कानून बनना चाहिए जिस से वे भ्रष्टाचार को संरक्षण न दे सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं।

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): In this country where the sapling of democracy has not yet taken firm roots, it becomes imperative on the part of political parties to educate the masses and to carry on their legitimate duties. For that they definitely require some money for their expenses and this money could easily come by way of membrship fee and also in the shape of donations from party members. But the way money flows during elections brings a genuine doubt in the mind of the electorate from where this money comes. Most of the returns that we Members of Parliament submit as election expenses, are not true as they have exceeded the limit prescribed by the Election Commission for such elections. Each one of us has contested the election and we know very well that we have spent much more than Rs. 35,000 which have been prescribed by the Election Commission as the limit for election expenses.

Further in this House many a time there have been discussions regarding the corrupting influence of CIA, KGB and other similar organisations of foreign countries. It is a matter of serius concern as it jeopardises the security of the country. Inside the country also, financial support to political parties comes in various ways, in a clandestine manner; it is so siphoned through various channels to the efforts of political parties; it comes from big business houses in the shape of advertisements in souvenirs donations, lending jeeps etc. etc.

When big business houses or monopoly houses invest in any political party, they expect some return, and the political parties are eager to oblige if at all they came to power. The entire election becomes a mockery. They pay donations to parties from the black money which is an undeclared wealth. That is how there will be a parallel economy in operation in this country. The entire election becomes a mockery. Voters are exploited of their poverty and ignorance .

It is high time that the people of this country should get a clear picture regarding the sources of income and the manner of expenditure of the political parties. If we take a substantive step and pass proper legislation in this House, it will check unjustified flow of money to party coffers. Then only the election will be inexpensive. Candidates should be compelled to restrict the election expenses to prescribed limit and it is the patriotic duty of every citizen to watch the activities of the political parties and to see that even a poor man can afford to contest the election. But as it stands now, unless you get a political patronage or get a political backing of a very rich party, it is not possible for a poor individual to contest the election, however popular he may be. In this regard, I would like to make certain concrete suggestions.

My suggestions are that all the political parites should be registered under the Societies Registration Act, 1860. All political parties shall maintain accounts of all their receipts and expenditure. All receipts shall be accompanied by a list of sources from which they have come. All expenditure shall be supported by stamped vouchers. An annual statement of accounts of all receipts and expenditure shall be prepared by all political parties from the Ist day of April upto the 31st day of March every year. All political parties shall submit an annual statement of their receipts and expenditure, duly audited and certified by a chartered accountant, to the Election Commission. The annual statement of receipts and expenditure of the political parties shall be published in the Official Gazettee, by the Election Commission within one month of the receipt of such annual statements. Failure to comply with these provisions will make the political party de-recognised by the Election Commissin and the Election Cimmission shall take away the symbol which has been allotted to the particular party.

Unless these safeguards are there, I have my own genuine fear that if Shri Kanwar Lal Gupta's Bill is passed in this

[Shri P. K. Deo]

House and comes on the Statute Book, there will be complete misuse of it and it will open the flood-gates of corruption. I, therefore, strongly oppose the Bill of my learned friend, Shri Kanwar Lal Gupta.

श्री मनोरंजन भक्त (अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह) : सभापति महोदय, मुझे श्री कंवरलाल गुप्त, श्री हुकमदेव नारायण यादव और डा० रामजी सिंह का भाषण सुनने का मौका मिला और अभी-अभी श्री पी० के० देव ने जो भाषण दिया है उसको भी सुनने का मौका मिला। एक बात मेरी समझ में नहीं आई कि यादव साहब इतने इमोशन के साथ क्यों बोल रहे थे क्योंकि कंवरलाल गुप्त जी ने जो बिल इस सदन में रखा है उसमें उनका कहना है कि जो भी डोनेशन पोलिटिकल पार्टीज को मिलते हैं उनके लिए तो आज के दिन भी इनकम टैक्स की पावन्दी नहीं है लेकिन अगर कोई प्रापर्टी पोलिटिकल पार्टीज के पास है, जिस प्रापर्टी से रेंट मिलता है जिससे वे अपना दफ्तर चलाते हैं, क्योंकि बहुत सारी पोलिटिकल पार्टीज ऐसी हैं जिनके पास डोनेशन की आमदनी नहीं है, उनको बिग बिजनेस हाउसेज भी पैसा नहीं देते हैं तो जो ऐसी पोलिटिकल पार्टीज हैं जो अपने साधन से कुछ न कुछ प्रापर्टी बनाकर उसकी आमदनी से पार्टी को चलाना चाहती हैं, डे टुडे पार्टी एक्टविटीज को चलाना चाहती हैं उन के ऊपर जो पावन्दी इन्कम टैक्स की रखी गई है, उस को हटाना चाहिये। यह बात सच है और सब जानते हैं कि हमारे देश में राजनीतिक दलों को दिये जाने वाले चन्दे के नाम पर क्या-क्या होता है, रुपये के खेल कैसे होते हैं, किस तरह से पावर में आया जा सकता है। जब हम अपनी रिटन दाखिल करते हैं तो वह कितनी साफ और सही तरीके से दाखिल करते हैं—देश को यह सब मालूम है। असल बात यह है कि सरकार की तरफ से इस की अच्छी तरह से जांच करने की जरूरत है कि हम किस तरह से पोलिटीकल पार्टीज में व्याप्त करप्शन को हटा सकते हैं और किस तरीके से विधि के द्वारा इन पर अच्छी तरह से कन्ट्रोल कर सकते हैं।

इन्कम टैक्स को हटाने की जब बात आती है तो इसका यह मतलब नहीं है कि इस को ऐसे ही हटा दिया जाय, उस तरह से तो फिर कोई नियम ही नहीं रहेगा। इस समय में उसमें यह नियम है कि उस का प्रापर एकाउन्ट मैन्टेन होना चाहिये, उस के बाद आडिट होना चाहिये, तमाम एमाउन्ट सही तरीके से जमा होना चाहिये। मैं इस बात से तो सहमत नहीं हूं कि जितने डोनर्स हैं, उन सब के नाम उस में दिये जायें, उन में 1 रुपया देने वाला डोनर भी हो सकता है—ऐसा नहीं होना चाहिए। लेकिन उस में ऐसा दिया जा सकता है कि हजार रुपये से ऊपर देने वाले डोनर का नाम जरूर दिया जाना चाहिए, उसका एड्रेस भी देना चाहिये। लेकिन जो 1 रुपया या डेढ़ रुपया देने वाला डोनर है, उस का नाम देने से तो क्लेरिकल एक्सपेण्डिचर बहुत बढ़ जायेगा। इसलिये मैं ऐसा चाहता हूं—पोलिटिकल करप्शन को हटाने के लिये अगर कोई कदम उठाना है तो सरकार उस पर विचार करे और कोई इस तरह का विधेयक लाये जिस में पोलिटिकल पार्टीज का सारा एकाउन्ट सही तरीके से रखा जाये, उन के एकाउन्ट का आडिट चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट करे और उसके बाद वह एकाउन्ट पब्लिक के लिये खोला जाय, लोगों की जनरल इन्फर्मेशन के लिये, जानकारी के लिये ओपन किया जाये। यदि हम ऐसा करेंगे तो काले धन के बारे में काफी चैक हो सकेगा। जैसा यादव जी ने कई प्रकार के घूस की बात कही है—उस की रोक थाम के लिये यह जरूरी है कि इस तरह का बिल लाया जाए। हमारे देव साहब और यादव जी ने तो इस को टोटली अपोज किया है, मेरा यह कहना है कि इस को इस एंगिल से नहीं देखना चाहिये।

इस पर विचार होना चाहिये और विचार कर के--मेरा यह कहना नहीं है कि आप इसी बिल को स्वीकार कीजिये--सरकार की तरफ से कोई काम्प्रीहैन्सिव बिल लाया जाना चाहिये । डाक्टर साहब ने कहा है कि इस को सिलैक्ट कमेटी को भेजा जाये--मैं यह समझता हूं कि यह मामला कोई छोटा मामला नहीं है, यह बड़ा गम्भीर और महत्व-पूर्ण मामला है--इस पर पूरी तरह से विचार किया जाना चाहिये । इस सदन में हम लोग जो आते हैं, हर प्रान्त से आते हैं, सारे देश का भाग्य उन के हाथ में है, उन लोगों की पोलि-टिकल पार्टीज हैं जो इस से प्रभावित होंगे --इसलिये सब के लिये ऐसा नियम बने, जिस में करप्शन से मुक्ति मिल सके, तब ही देश की राजनीति स्वच्छ हो सकेगी ।

इन शब्दों के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो बिल आया है, इस को आउट-राइट रिजेक्ट न कर के इस पर विचार होना चाहिये, इसे सिलेक्ट कमेटी को भेजना चाहिये और कोई काम्प्रीहैन्सिव बिल कैसे आ सकता है, उस पर सोचना चाहिये ।

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil) : I think I must support this Bill. We are all aware of the fact that the political parties function in this country with the will and support of the people and the day the people reject the party and withdraw their support, that party will perish. In every democracy we can see... This power failure is an indication how Delhi is in the grip of a power crisis and Mr. Kanwar Lal Gupta has to explain it.

Even in Britain we know some of the Parties which ruled that country have become a big cipher because the people did not support those parties. Today the functioning of the political parties is very expensive. Day-to-day functioning and fighting elections are very difficult for a small party and more so for a regional party. It is very difficult for a political party to complete with a party which is in power. I am not denying the fact that this kind of expensive political activity has come into the political life only after 1969. The entire morals and ethics of Indian politics have been torn into pieces since the great split in the Indian National Congress party.

Later on, I could say that the functioning of the political parties in this country became very expensive and every political party has been spending money like water. During the last Parliamentary election there has been a big change in the political scene. A new political party came into power. People expected that political parties will have to keep away from such immoral acts of collecting huge amounts for spending on elections. But even people like Santhanam had to complain. He made a public complaint and criticism that Janata Party used the same method as was done by the Indian National Congress Party once upon a time to extract money from people in Madras city. I am only showing that no political party can escape from this criticism—that they are using coercive methods to collect money.

Many suggestions have come to help the political parties to free themselves from corrupt practices. Everybody is paying money to the ruling party with an objective to get favour.

It is very difficult to collect money. When a telephone from an Opposition Party goes, the person at the receiving end says—he is not available. He, it is said, is not at home. They say, he is out of station. When they were in power, they were anxious to meet them. This order has to change day by day.

The hon. Minister while replying to the question regarding the arrears of Birlas said that Birlas could escape all the time. I do not blame you Mr. Patel because you came last year. Arrears of tax accumulated over the last 30 years and Birlas were capable enough to use their influence to that extent. It was notoriusly known how Shri K. K. Birla was influencing the previous regime. So, he could easily accumulate the arrears of tax and he could evade punishment. That is why this much of accumulation has come.

There was a CBI enquiry against him. He could come to courts and fight every day. Even in High Court and Supreme Court cases were pending for many years. I only take this opportunity to warn Shri H. M. Patel and the friends sitting in Janata Party, do not think that Birla is innocent and he will not influence your party also. I have my own suspicion. I have my own doubts—that Birlas will allow you to escape from the cluches of their influence. Please see that action is taken with all vigour.

How to make the political parties function is a question ? The only solution is that the Government should finance the political parties on the basis of the voting strength. You can evolve any formula,

[Shri Vayalar Ravi]

otherwise all these corrupt practices of big and small business Houses will influence the political parties through payment of money. The political party has to function. It is impossible for any political party to function to day within this present set up. The only way to keep these people out is that the Government should fix a kind of percentage of any other method. At least the source of finance should come from the Government as is in Germany.

As far as taxation is concerned, every political party has to keep books of Accounts. The political parties make bogus accounts. They make black money and they place a baseless report before the Government. Even the political party which rules the country, which is expected to be honest, the political party expected to be of integrity and which has to lead the people, the first thing that they do is to submit false accounts before the Income Tax authorities. Here you are asking the political parties to submit their accounts, and here are accounts which are always bogus and wrong. They are playing with black-money which we have to avoid. The only solution for this is this: The Government shold come forward to the help of these political parties; they should give them whatever support they could. They have got to be exempt from income-tax. There is no justification to impose income-tax on a political party.

Sir a political party is not an Association. It is not a profit-making institution or organisation. It is not a profit-earning society. It is not a commercial society. It is not a trading society. It is just simply a political party, living and functioning out of the contributions of the people. It is not right and proper for the Government to continue with this law which the Government is unable to enforce for the last thirty years.

It is better to open up a free atmosphere a better atmosphere. Let the people and let the political parties be more, honest.

Lastly, Madam Chairman, I would like to tell the Government about this point. This is regarding the functioning of the Income-tax Department, how the powers are being exercised in the Income Tax Department.

Who is powerful today ? Mr. H. M. Patel may think that he is very powerful. No. It is not so. He is wrong. The Income-tax Officer is the most powerful person in the country today.

During emergency he used this power to a great extent. These income tax Officers raided every house, they haunted, harassed and humiliated every family, in every big city and every small city. And then what happened - Accounts Books have been seized and kept in lorries and taken to these income-tax offices. These lorry-loads of account books have not yet been returned.

I appeal to the hon. Finance Minister to please see how many raids have been conducted since 1975 and how many records books have been seized and how many were returned so far. To my knowledge, in many cases, the books of accounts have not been returned so far because your people cannot look into them.

Unnecessarily, because of some small prejudice on the part of the Income-tax Officer, a raid was conducted, the innocent persons were put to harassmant and bumiliation. That was the order of the day during emergency. In those unfortunate days all these things happened.

Therefore, I appeal to you: Kindly have this checked up.. Such things happened in cities like Madras, Cochin, Bombay, Delhi and Calcutta. In other big cities also this happened. Please go into it. Please see how many account-books have been seized. Please see how many they are still keeping with them still, and have not returned back so far. If they are not returned so far, I request you to please see that they are returned and the cases are settled. Please see that the whole thing is settled. Please do something in the matter and see that this kind of harassment is not repeated in future.

Also, I would like to know whether you could take any action against those Income-tax officers who did the wrong things. So far as the Income-tax Department is concerned, I know, no action was taken those Income-tax Officers. Even the cases were proved by the Appellate Tribunal that the Income-tax Officer acted in a harsh manner. Even then he could escape. In every way, legally and otherwise, in every manner, he is fully protected. The poor people, the innocent people have been harassed and humiliated.

I don't know whether there is any provision in the law, but I feel, even if it is there, it is not evoked or enforced. No Income-tax Officer has been punished for his harsh action, where he ruined many poor families. This I know personally...

My only appeal to the hon. Finance Minister is this : Please look into this.

I give my support to the Bill.

I can only appeal to the hon. Finance Minister to look into the spirit of the Bill. The spirit of the Bill is that the political parties must function freely, function above the influence of the big business houses, function without corruption.

If you ask them to pay Income-tax, they will all indulge in transactions of black-money.

Allow the political parties to function in a proper manner. The only solution is this :

Allow the political parties not to pay any income-tax. Exempt them from income-tax altogether. Give financial aid to them from the Government.

I hope the hon. Finance Minister will consider all these points.

With these words I support the Bill.

SHRI P. K. DEO (Kalahandi) : I wish to make a submission, Madam Chairman.

Two hours have been allotted for this discussion. After this Bill, we have another Bill in the name of Shri Yamuna Prasad Shastri. That Bill has also come in the ballot. He is a blind man and he is waiting and I request that at least five minutes may be granted to him so that he may move his Bill. This is my submission.

MR. CHAIRMAN : But discussion and voting on this Bill has to conclude before we come to Mr. Shastri's Bill.

SHRI P. K. DEO : That is right. That is why I say, if we stick to the time-schedule we can easily finish this business in time and we can also allow Mr. Shastri to move his Bill.

MR. CHAIRMAN : The House will go on till 6 O'clock. That will give time for Mr. Shastri also to move his Bill.

Now, Shri Ram Naresh Kushwaha.

श्री राम नरेश कुशवाहा (सलेमपुर) : मैं इस बिल का विरोध करता हूं। जहां राजा बैठता है उस स्थान का नाम गद्दी है, जहां सेठ बैठता है उस स्थान का नाम गद्दी है, जहां महंतजी बैठते हैं उस स्थान का नाम भी गद्दी है। यह सारा गद्दियों का झगड़ा है। ग्रादमी के पास धन होता है, तन होता है ग्रौर मन होता है। सारे संसार में तन का मालिक राजा होता है। जब चाहे जल में डाल दे जैसे ग्राज संजय गांधी को डाल दिया है ग्रौर जब चाहे छोड़ दे। तन का मालिक राजा। फांसी भी दे दे ग्रौर चाहे तो छोड़ भी दे। मन का राजा है महन्त, धर्म गुरु, जो कह दे सब सही, मान लिया जाएगा। धन का मालिक सेठ है जो महंगी ला दे ग्रौर जब चाहे सस्ती ला दे, जब चाहे भूखों मारने लग जाए ग्रौर जब चाहे मंडी को सामान से पाट दे ग्रौर सस्ती ला दे। हर एक संकट का कारण है। जब इन तीन में से दो भी इकट्ठे हो जायें तब तो कहना ही क्या। यह गठबंधन इन तीनों का ग्राज से नहीं सृष्टि के ग्रादिकाल से चला ग्रा रहा है।

कानून बना हुग्रा है ग्रस्पृश्यता निवारण का। हरिजन मन्दिर में जाता है। उसको पुजारी रोकता है। छुग्राछूत कौन मानता है? पुजारी मानता है। लेकिन गिरफ्तार हरिजन होता है। इसलिये यह होता है कि महंत की सांठगांठ गद्दी से होती है। बजाय पुजारी के गिरफ्तार होने के वह होता है। इसी तरह से सेठ की सांठगांठ भी सरकार से होती है। मजदूर हड़ताल करता है तो उसको गिरफ्तार कर लिया जाता है। उन पर लाठी गोली चलती है। यह सब चीज होती है ग्रौर उनको बन्द कर दिया जाता है धारा 107, 116, 147, 148 में जोकि बल्वे की तमाम धारायें हैं। मजदूर किस से शांति भंग करता है, लोहे से, कारखाने की दीवारों से? वह लड़ता है मैनेजर से या मिल मालिक से। लेकिन कहीं मैनेजर या मिल मालिक की गिरफ्तारी नहीं होती है। शांति भंग का ग्रंदेशा होता है तो गिरफ्तार होता है मजदूर। इतना ही नहीं, इन दोनों से राज सत्ता की सांठगांठ होती है। ग्रगर ऐसा न होता तो हरिजन को गिरफ्तार न किया जाता, मजदूर को ही न किया जाता मिल के मैनेजर को भी उस के

[श्री राम नरेश कुशवाहा]

